

महाबलाय वीराय चिरंजिवीन उद्दते। हारिणे वज्र देहाय चोलंग्घितमहाव्यये।।

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com

वर्ष 37 > अंक 259 > जयपुर, मंगलवार, 12 अगस्त, 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित > पृष्ठ 8 मूल्य : 2 रु.

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥







पेज-5 हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष...

पहली बार पार्टनर के साथ दिल्ली... पेज-6



उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।


# सोने पर नहीं लगेगा टैरिफ

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को बड़ी घोषणा की। द वॉल स्ट्रीट जनरल की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि गोल्ड पर किसी तरह का टैरिफ नहीं लगेगा। इससे पहले कस्टम और सीमा सुरक्षा विभाग ने कहा था कि गोल्ड पर भारी टैक्स लग सकता है लेकिन ट्रंप ने इस पर स्थिति स्पष्ट कर दी है। ट्रंप ने यह घोषणा उस वक्त की है जब भारत और रूस के साथ उसकी तनातनी चल रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर पोस्ट शेयर की है। गोल्ड को लेकर मार्केट में अफ्वाह फैल गई थी कि इस पर भारी टैरिफ लगेगा जिसके बाद सोने की कीमतों में भारी उछाल आ गया था लेकिन अब ट्रंप ने राहत भरी खबर दी है। वहीं पिछले हफ्ते अमेरिकी कस्टम अधिकारियों ने भी एक लेटर जारी किया था जिसमें कहा गया था कि दो मानक वजन (एक किलोग्राम और 100 औंस) वाली गोल्ड बार को टैरिफ के दायरे में रखा जाना चाहिए। इस लेटर के बाद सोना व्यापारियों और निवेशकों में चिंता बढ़ गई थी कि इससे इंटरनेशनल गोल्ड मार्केट पर असर पड़ेगा।



### ट्रंप के बयान से साफ हो गई स्थिति

ट्रंप के इस स्पष्ट बयान से अब स्थिति साफ हो गई है और सोने के व्यापार से जुड़े कारोबारियों को राहत मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से सोने की कीमतों और इसके वैश्विक व्यापार में स्थिरता बनी रहेगी।

### भारत पर लगाया है 50 प्रतिशत टैरिफ

ट्रंप ने भारत से नाराज होकर उस पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा है। ट्रंप भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराज हैं। उनका कहना है कि रूस युद्ध को बढ़ावा देने का काम करता है। ट्रंप भारत के साथ होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी नाराज हैं। इसी वजह से पहले भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था जिसे बाद में बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया।

# पाक पर फिर प्रेम उमड़ा अमेरिका का

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** अमेरिका ने सोमवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और उसके छद्म नाम मजीद ब्रिगेड को आधिकारिक तौर पर विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बयान जारी करते हुए फैसले की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि 2019 से बीएलए ने कई बड़े हमलों की जिम्मेदारी ली है जिनमें मजीद ब्रिगेड की तरफ से किया गया हमला भी शामिल है। बीएलए पहले से ही अमेरिका की रडार में था और 2019 में इसे विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था। तब से इसने कई आत्मघाती बम विस्फोट, हाई प्रोफाइल हमले और हाल में हुए जाफर एक्सप्रेस ट्रेन अपहरण जैसी घटनाओं की जिम्मेदारी ली है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार 2024 में बीएलए ने कराची हवाई अड्डे और ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर के पास हुए आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

# भारतीय राजनयिकों के घरों में गैस सप्लाई बंद

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय डिप्लोमैट्स के घरों में गैस सप्लाई बंद कर दी है। इसके अलावा स्थानीय गैस सिलेंडर सप्लायर्स को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीय राजनयिकों को सिलेंडर न बेचें। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद ने मिनरल वाटर और न्यूजपेपर की सप्लाई भी रोक दी है। पाकिस्तान ने यह फैसला भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले की कार्रवाई के तौर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह कदम पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की योजना का हिस्सा है। इसके तहत पाकिस्तान बदले की छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर रहा है। पाकिस्तान पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका हैं। 2019 में पुलवामा हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय डिप्लोमैट्स को इसी तरह परेशान किया था। जवाबी कदम के तौर पर भारत ने भी दिल्ली में तैनात पाकिस्तानी राजनयिकों को अखबार पहुंचाना बंद कर दिया है।

# पाक करेगा जामनगर रिफायनरी पर हमला?

## ■ भारत के आर्थिक ठिकानें निशाने पर ■ मुनीर ने फिर दी धमकी



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भारत के खिलाफ जंग छेड़ने की धमकी देते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर रिफाइनरी को निशाना बनाने का ऐलान किया है। यह रिफाइनरी दुनिया की सबसे बड़ी एकल साइट रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स है। ये गुजरात में स्थित है। मुनीर ने अमेरिका के फ्लोरिडा के टाम्पा में एक औपचारिक रात्रिभोज के दौरान यह धमकी दी। उन्होंने भारत के आर्थिक ठिकानों खासकर तेल प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की बात कही। यह पहली बार है जब पाकिस्तान ने भारत के आर्थिक ढांचे को सीधे निशाने पर लेने की बात कही है। मुनीर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया जिसमें कुरान की आयत के साथ रिलायंस कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि हाल के भारत-पाक तनाव के दौरान उनके इशारे पर ही ये पोस्ट छापा गया था ताकि भारत को अगली बार क्या होगा, का संदेश दिया जाए।

### क्या इशारा करना चाहते हैं मुनीर

**मुनीर ने जिस कुरान की आयत का जिक्र किया, वह सूरह अल फील (105वां अध्याय) से है जिसमें साल ए फील (570 ईस्वी) की घटना का वर्णन है। इस आयत में बताया गया है कि यमन के शासक अबराहा ने हाथियों की सेना के साथ काबा को नष्ट करने की कोशिश की थी लेकिन अल्लाह ने पक्षियों के झुंड भेजे जिन्होंने पके हुए मिट्टी के पत्थरों से उस सेना को तबाह कर दिया। मुनीर का यह बयान आधुनिक युद्ध में हवाई हमले का की ओर इशारा माना जा रहा है।**

### पहले मिल चुकी है चेतावनी

**खुफिया एजेंसियों ने पहले भी जामनगर रिफाइनरी सहित ऐसे ठिकानों पर पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूहों से खतरे की चेतावनी दी थी। मुनीर का अंबानी को निशाना बनाकर धमकी देना इस बात का संकेत है कि वह भारत की आर्थिक ताकत को कमजोर करना चाहते हैं। दरसअल जामनगर रिफाइनरी भारत के रिफाइनिंग सेक्टर का सबसे बड़ा प्रतीक है। यह प्रतिवर्ष 33 मिलियन टन कच्चे तेल को प्रोसेस करने की क्षमता रखती है जो भारत की कुल रिफाइनिंग क्षमता का 12 फीसदी है। यह रिफाइनरी न केवल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करती है बल्कि परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का प्रमुख निर्यातक भी है।**

### बढ़त के बाद बाजार में गिरावट

**मुंबई, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में काफी-उतार चढ़ाव है। सेंसेक्स 100 अंक नीचे 80,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 30 अंकों की गिरावट है और ये 24,550 के स्तर पर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 में तेजी और 20 में गिरावट है।

### संसद में हंगामा जारी

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** विपक्ष के हंगामे के बीच मंगलवार को राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह 11 बजे शुरू हुई लेकिन सदन की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की वजह से 10 मिनट भी नहीं चल सकी।

# 15 अगस्त को दिल्ली जाने वाली ट्रेन में ना बैठें

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू की धमकी, करेंगे धमाके

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** खालिस्तानी समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस का आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अपने साथी जश्नप्रीत सिंह के कथित एनकाउंटर पर भड़क गया है। उसने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि 15 अगस्त को दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सफर न करें। उसने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि मान सरकार ने खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ पहली गोली चला दी है और गोली का जवाब गोली से दिया जाएगा। उसने सीएम मान के विदेश दौरे की जानकारी देने वाले को इनाम देने का भी ऐलान किया। उसने जश्नप्रीत को खालिस्तान जनमत संग्रह का कार्यकर्ता बताया और एनकाउंटर को फर्जी और राज्य प्रायोजित आतंक करार देते हुए आरोप लगाया कि यह घटना मुख्यमंत्री मान के आदेश पर हुई और इसका बदला जरूर लिया जाएगा।

### दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को उड़ाने की साजिश

**वीडियो संदेश में पन्नू ने धमकी देते हुए दावा किया है कि 15 अगस्त को दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को निशाना बनाया जाएगा। इन्हें उड़ाने की साजिश रची जा रही है। उसने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 अगस्त के दिन किसी भी हालत में दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में सफर न करें। इसके साथ ही उसने पंजाब के लोगों से अपील की कि वे मुख्यमंत्री मान के फरीदकोट में होने वाले तिरंगा समारोह से भी दूर रहें।**

### जवाबी कार्रवाई की धमकी

**पन्नू ने दावा किया कि जश्नप्रीत की मौत का बदला सिर्फ पंजाब में ही नहीं बल्कि इसकी गूंज देश और विदेश में सुनाई देगी। उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस मुद्दे को उठाने और मान सरकार के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का एलान किया।**

# फर्जी तलाक से सरकारी नौकरी, एसओजी करेगी जांच

## कागजों में तलाक, नौकरी मिलते ही हो गए वापस साथ

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** प्रदेश में सरकारी नौकरियों में तलाकशुदा महिलाओं के लिए आरक्षित कोटे के दुरुपयोग पर अब सख्ती शुरू हो गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ऐसे मामलों की जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) से कराने का फैसला लिया है। बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि अब तक 12 शिकायतें सामने आई हैं जिनमें महिलाओं ने केवल कागजों पर तलाक लेकर इस श्रेणी से नौकरी हासिल की और नियुक्ति के बाद दोबारा शादी कर ली। उन्होंने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि कई महिलाएं तलाक के बाद अपने पूर्व पति के साथ ही लिव इन में रह रही हैं। अधिकांश मामले शेखावाटी क्षेत्र के सीकर और झुंझुनूं से जुड़े हैं। पूछताछ में कई महिलाओं ने इस कोटे का लाभ लेने की बात स्वीकार की है। अब इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### कम होता है कट ऑफ

राज्य सरकार की नौकरियों में तलाकशुदा श्रेणी के लिए कट ऑफ अन्य श्रेणियों की तुलना में काफी कम होती है जिससे कुछ अभ्यर्थी केवल भर्ती प्रक्रिया के दौरान तलाक का दिखावा कर इस कोटे का लाभ उठा लेते हैं। नियुक्ति के बाद वे पुनः विवाह कर लेते हैं जिससे वास्तविक पात्रों का अधिकार छिन जाता है। चयन बोर्ड पहले से ही फर्जी डिग्री, फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र और फर्जी खेल प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अब फर्जी तलाक के मामले भी जांच के दायरे में शामिल किए गए हैं। बोर्ड ने आमजन से अपील की है कि यदि ऐसे किसी मामले की जानकारी हो तो शिकायत दर्ज कराएं ताकि वास्तविक पात्रों को न्याय मिल सके।

### श्रीनगर में अलगाववादियों के ठिकानों पर छापे


**श्रीनगर, 12 अगस्त (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और प्रदेश जांच एजेंसी (एसआईए) ने श्रीनगर में मंगलवार को नौ जगहों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि यह छापेमारी 1990 के दौरान एक कश्मीरी हिंदू महिला सरला भट्ट की हत्या से संबंधित मामले की जांच में हो रही है। बता दें कि सरला भट्ट दक्षिण कश्मीर में जिला अनंतनाग की रहने वाली थी। वह शेरे कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान सौरा श्रीनगर नगर में नर्स थी। उसे अप्रैल, 1990 में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के आतंकियों ने अगवा कर लिया था।

# रामगढ़ बांध पर होगी आज कृत्रिम बारिश

## देश में पहली बार छोटे ड्रोन का किया जाएगा उपयोग

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजधानी जयपुर में रामगढ़ बांध के इलाके में मंगलवार को सरकार निजी कंपनी के सहयोग से ड्रोन से कृत्रिम बारिश करवाएगी। कंपनी का दावा है कि देश में पहली बार छोटे इलाके में ड्रोन के जरिए कृत्रिम बारिश का प्रयोग किया जा रहा है। कृषि मंत्री डॉण् किरोड़ीलाल मीणा मंगलवार दोपहर 2 बजे इसकी शुरुआत करेंगे। पहले इस प्रयोग की शुरुआत 31 जुलाई को होनी थी लेकिन तब भारी बारिश की चेतावनी की वजह से इसे टाल दिया गया था। कृत्रिम बारिश के लिए वैज्ञानिकों की टीम कई दिनों से जयपुर में है। वे लगातार अपने स्तर पर ड्रोन से कृत्रिम बारिश का परीक्षण कर रहे हैं। रामगढ़ बांध पर कृत्रिम बारिश के प्रयोग की शुरुआत के मौके पर बड़ा कार्यक्रम रखा गया है जिसे देखने के लिए आसपास के लोगों को भी बुलाया गया है। ड्रोन से कृत्रिम बारिश के लिए केंद्र और राज्य सरकार के विभागों और एजेंसियों से मंजूरी मिल चुकी है।




### 60 क्लाउड सीडिंग टेस्ट ड्राइव होंगे

**अमेरिका और बेंगलूरु की टेक्नोलॉजी बेस्ड कंपनी कृषि विभाग के साथ मिलकर यह प्रयोग करने जा रही है। कंपनी सरकार के साथ मिलकर पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह ट्रायल कर रही है। रामगढ़ में 60 क्लाउड सीडिंग की टेस्ट ड्राइव करवाई जाएगी। अब तक प्लेन से क्लाउड सीडिंग करवाई जाती रही है। देश में ड्रोन से छोटे इलाके के सीमित दायरे में होने वाला यह पहला प्रयोग है। अब तक कृत्रिम बारिश के लिए बड़ा क्षेत्र चुना जाता रहा है।**

### पहली बार प्रिसीजन बेस्ड तकनीक का उपयोग

**देश में ड्रोन के जरिए प्रिसीजन बेस्ड तकनीक से पहली बार कृत्रिम बारिश करवाई जा रही है। कंपनी ने बताया कि प्रिसीजन बेस्ड तकनीक से तय इलाके में कृत्रिम बारिश करवाई जाएगी। बाकी जगह कृत्रिम बारिश में बड़ा इलाका होता है और चीजें कंट्रोल में नहीं होती। रामगढ़ बांध पर इस तकनीक से पिन पॉइंट इलाके में बारिश करवाई जाएगी। बादल पर केमिकल छिड़कने से लेकर सब कुछ एआई कंट्रोल्ड होगा। मौसम विभाग के डेटा, बादलों की नमी और जितने इलाके में बारिश करवाई जानी है, वह सब कुछ एआई कंट्रोल्ड होगा।**

# राइजिंग राजस्थान: 69,133 करोड़ के 332 एमओयू से खुलेंगे 80 हजार रोजगार के अवसर

### राइजिंग राजस्थान के तहत 1600 करोड़ के 11 बड़े एमओयू पूरे, निवेशकों से वन-टू-वन संवाद कर दिलाया भरोसा



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राइजिंग राजस्थान के तहत पर्यटन क्षेत्र में हुए निवेश करार (एमओयू) अब सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि धरातल पर मूर्त रूप लेंगे। यह भरोसा जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सोमवार को होटल गणगौर में निवेशकों से सीधे संवाद के दौरान दिलाया। उन्होंने कहा कि सहयोग, समन्वय और सामंजस्य के साथ ही इन परियोजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन संभव है। बैठक में निवेशकों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर छोटी-बड़ी समस्या का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण किया जाए, ताकि कोई भी निवेश प्रस्ताव अधर में न लटके।

पर्यटन विकास से बढ़ेगी ब्रांड वैल्यू

जयपुर, अपनी ऐतिहासिक धरोहर, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक समृद्धि के कारण विश्व पर्यटन मानचित्र पर अलग पहचान रखता है। यहां लक्ज़री होटल, रिसॉर्ट, ईको-टूरिज्म, फिल्म शूटिंग लोकेशन, एडवेंचर टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में निवेश से न केवल स्थानीय रोजगार सृजित होंगे, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का ठहराव और खर्च भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा, हम वन-टू-वन फॉलोअप करेंगे और विभागीय समन्वय से हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे, ताकि निवेशक निश्चिंत होकर आगे बढ़ें।

#### अभी तक की उपलब्धियां

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि अब तक 1600 करोड़ रुपये के 11 बड़े एमओयू सफलतापूर्वक लागू हो चुके हैं। राइजिंग राजस्थान समिट के तहत जयपुर जिले में 69,133 करोड़ रुपये के कुल 332 एमओयू हुए थे, जिनसे 80 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बनेंगे।

#### बनेंगी रोजगार व विकास की संभावनाएं

- होटल क्षेत्र- 25,222 करोड़ के 169 करार
- रिसॉर्ट क्षेत्र-16,371 करोड़ के 90 करार
- एडवेंचर टूरिज्म-1,373 करोड़ के 21 करार
- ईको टूरिज्म- 166 करोड़ के 8 करार
- फिल्म सिटी एवं फिल्म शूटिंग- 3,570 करोड़ के 8 करार
- अन्य क्षेत्र-19,409 करोड़ के 39 करार

## स्वास्थ्य ढांचे में ताकत: राज्य में 1699 नए चिकित्सा अधिकारी नियुक्त

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। सोमवार को 1699 नव चयनित चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति आदेश जारी किए गए, जिससे शहरों से लेकर दूरस्थ ग्रामीण इलाकों तक चिकित्सकों की कमी काफी हद तक दूर हो जाएगी। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि विगत डेढ़ वर्ष में करीब 24 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और 26 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

**पीएचसी तक पहुंचेगी चिकित्सा सुविधा :** प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों को जिला, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात किया गया है। जिन संस्थानों में वर्षों से चिकित्सकों के पद रिक्त थे, अब वे भर जाएंगे। नवनियुक्त चिकित्सक 26 अगस्त तक ज्वाइन करेंगे।

## क्या अमेरिका ने महिलाओं को भी बेड़ियों में भारत भेजा: अमराराम

**जयपुर, 12 अगस्त।** सीकर सांसद ने डिपोर्ट को लेकर पूछा था सवाल, क्या, अमेरिका में डंकी रूट से जाने वाले भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ियां लगाकर वापस भेजा गया था। सीकर सांसद अमराराम के सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने यह माना है। जवाब में विदेश राज्य मंत्री ने बताया- निर्वासित लोगों के साथ किए गए व्यवहार, विशेष रूप से महिलाओं पर बेड़ियों के इस्तेमाल को लेकर अमेरिकी अधिकारियों के सामने चिंता दर्ज कराई थी। अमेरिका ने पुष्टि की है कि 15 फरवरी 2025 के बाद भारत पहुंचने वाली निर्वासन उड़ानों में किसी भी महिला या बच्चे को बंधन में नहीं रखा गया।

## राज्यपाल बागडे ने किया राष्ट्रोत्थान ग्रंथ का विमोचन




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** पाथेय भवन में सोमवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रोत्थान ग्रंथ का विमोचन करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्व जागरण जैसे पंच सूत्र राष्ट्रोत्थान की मजबूत नींव हैं। उन्होंने आह्वान किया कि मां भारती के परम वैभव को ही जीवन का ध्येय मानकर सभी मिलकर कार्य करें, तभी देश का सर्वांगीण विकास संभव है। हिन्दुस्तान प्रकाशन संस्था और पाथेय कण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाशित इस ग्रंथ को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर समाज परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा, संस्कृति हमारे जीवन जीने का तरीका है, और बदलते समय के साथ सकारात्मक बदलावों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना ही सच्ची संस्कृति है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' को केंद्र में रखकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि 'व्यष्टि नहीं, समष्टि' की भावना से सभी भेदभाव से ऊपर उठकर समाज में कार्य करें।

## बड़ी कार्रवाई: 150 से अधिक ग्राम सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण

### उर्वरक आपूर्ति, वितरण और स्टॉक की पारदर्शिता पर जिला प्रशासन की पैनी नजर



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** जिला कलक्टर की ओर से सोमवार को जिले की 150 से अधिक ग्राम सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण किया गया। इस व्यापक जांच का उद्देश्य किसानों के लिए आवश्यक यूरिया, डीएपी और एसएसपी जैसे उर्वरकों की मांग, आपूर्ति और वितरण की व्यवस्था को परखना और किसी भी अनियमितता को रोकना था।

इस दौरान उन्होने उर्वरक वितरण पर गहन जांच के साथ मांग और आपूर्ति के रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर समेत बिक्री पर्चियां और भंडारण व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया। विशेष ध्यान इस बात पर रहा कि किसानों को निर्धारित दरों पर, बिना किसी विलंब के उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं या नहीं।

#### नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे औचक निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएं और स्टॉक की स्थिति की दैनिक मॉनिटरिंग हो। किसी भी स्तर पर कमी पाई जाने पर तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों से सीधा संवाद कर यह जाना कि उन्हें आवश्यक उर्वरक समय पर और पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है या नहीं।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025: 'सहकार से समृद्धि' में राजस्थान का शानदार प्रदर्शन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक कपिल मीना ने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की पहलों के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। राज्य में सहकारिता से जुड़े क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं, जिन्हें पहचान कर और बेहतर कार्य किया जा सकता है। अपेक्स बैंक सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, गो-लाइव प्रक्रिया, ऑन-सिस्टम ऑडिट, और गोदाम निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। मीना ने बताया कि भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की सदस्यता में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है और एम-पैक्स गठन में लक्ष्य से तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। राज्य में वर्तमान में 41,400 से ज्यादा सहकारी समितियां और 1.14 करोड़ से अधिक सदस्य हैं।



#### यह निर्देश दिए गए

- पैक्स को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में उन्नत किया जाए।
- नगरीय व उपनगरीय क्षेत्रों के पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर बनाया जाए।
- निर्माणाधीन गोदामों का कार्य 30 सितम्बर तक पूरा कर हायरिंग एश्योरेंस सुनिश्चित हो।
- निष्क्रिय समितियों का अवसायन कार्य तेज किया जाए।
- पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

## मुख्यमंत्री की जनसुनवाई में पहुंचा जगदीश तो मिला निःशुल्क धार्मिक यात्रा का मौका



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन के उच्च मानकों के अनुरूप हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। जन आकांक्षाओं की पूर्ति और परिवेदनाओं का त्वरित समाधान ही हमारे 'सुराज' का मूल उद्देश्य है। सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई में श्री शर्मा ने आमजन से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निस्तारण में लापरवाही करने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई होगी।

जनसुनवाई में कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। बीकानेर के विशेष योग्यजन जगदीश प्रसाद को धार्मिक स्थलों की निःशुल्क यात्रा का लाभ दिलाने के निर्देश भी मौके पर दिए गए, जिस पर जगदीश ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

#### मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए

- सभी परिवेदनाओं का समयबद्ध निस्तारण हो।
- हर प्रकरण का फॉलोअप और सूचना परिवादी को दी जाए।
- गरीब, किसान, महिला, युवा, दिव्यांग और बुजुर्गों की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता दी जाए।

## नन्दकिशोर पाण्डेय बने हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आदेश जारी कर प्रो. नन्द किशोर पाण्डेय को हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह आदेश जारी किया है। बागडे ने कुलगुरु पद पर यह नियुक्ति प्रो. पांडेय के कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

## ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर 2025: राजस्थान को बनाएगा वैश्विक स्तर पर 'पर्यटन हब'



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री ने सोमवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान की असीम पर्यटन संभावनाओं का परिचय देते हुए देश-विदेश के उद्यमियों, टूर ऑपरेटर्स और हितधारकों को साझेदारी के लिए आमंत्रित किया।

**राजस्थान पर्यटन के लिए सुनहरा अवसर:** राज्य में इको-टूरिज्म, साहसिक पर्यटन, कृषि-पर्यटन और वेलनेस टूरिज्म के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इससे 3 राष्ट्रीय उद्यान, 26 वन्यजीव अभयारण्य, 5 टाइगर रिजर्व और 36 संरक्षण रिजर्व के साथ विरासत और जनजातीय क्षेत्रों पर केंद्रित नए पर्यटन सर्किट का विकास किया जा रहा है। सरकार की नई नीति के तहत होटल सब्सिडी, पंजीकरण में सरलता और पीपीपी मॉडल पर पर्यटन बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। हाल ही में 1,37,000 करोड़ रुपये के 1,600 एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

यह परियोजनाएं रोजगार सृजन, विरासत संरक्षण और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं को गति देंगी साथ ही दिसंबर 2025 में राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करेगा।

**अंतरराष्ट्रीय मंच पर राजस्थान की भागीदारी :** फेयरफेस्ट मीडिया लिमिटेड ने पिछले तीन दशकों से राजस्थान पर्यटन की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। राज्य को देश-विदेश के टूरिज्म उद्योग से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस दौरान कोलकाता 10-12 जुलाई 2025, अहमदाबाद 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025, मुंबई में 11-13 अगस्त 2025 तथा दिल्ली में 11-13 सितंबर 2025 फेयर आयोजित होंगे।

## हैल्प लाइन

**अग्निशमन केंद्र**

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

**ट्यूरिस्ट पैलेस**

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

**पुलिस**

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

**दुर्घटना सेल**

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

**सांस्कृतिक केन्द्र**

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

## पीड़ितों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान: गुलाबचंद कटारिया

### सुंदरसिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय अंबामाता में एम्बुलेंस का लोकार्पण




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि पीड़ित मनुष्यों की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। उनका आशीर्वाद ईश्वर के प्रसाद स्वरूप है। इसलिए पीड़ित की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को उदयपुर के अंबामाता में सुंदरसिंह भण्डारी राजकीय चिकित्सालय में सीएसआर के तहत टेक फायरफ्लाई प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से प्रदान की गई एम्बुलेंस के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होने कहा कि मेवाड़ भामाशाह की धरती है। यहां आज भी ऐसे कई दानदाता हैं, जो पीड़ित की सेवा के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा कई भामाशाह भी अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के लिए सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों व परिजनों को संबंधित कक्ष आदि के बारे में जानकारी देने और उन्हें वहां तक पहुंचाने में मदद के लिए स्काउट गाइड, एनसीसी स्वयंसेवक आदि का सहयोग लिए जाने का आरएनटी प्राचार्य डॉ. माथुर को सुझाव दिया। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल जैन सहित अन्य ने बताया कि चिकित्सालय हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था जिसे बजट घोषणा में सम्मिलित करते हुए आधुनिक उपकरण हेतु 3.5 करोड़ रूपए व सिविल कार्य के लिए 1.5 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।



## आज का राशिफल

मंगलवार, 12 अगस्त, 2025

- **मेष :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको कोई पुरस्कार आदि भी मिल सकता है, जिससे आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। आप अपनी संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर थोड़ा टेंशन में आ सकते हैं।
- **वृष :** आज का दिन आपके लिए आय के सोर्सो पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको किसी अजनबी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप अपनी आय को ध्यान में रखकर बजट बनाकर चलें, तो आप भविष्य को लेकर कुछ बचत कर पाएंगे।
- **मिथुन :** आज का दिन आपके लिए खर्चो पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप किसी के कहने में आकर कोई इंवेस्टमेंट करने की सोचेंगे, जिसमें आपको कोई नुकसान भी हो सकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।
- **कर्क :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप संतान को कोई बड़ी जिम्मेदारी थोड़ी सोच समझकर दें। आपका कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपके लिए समस्या खड़ी करेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपके बॉस से रिश्ते बेहतर रहेंगे।
- **सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं। घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू हो सकता है। आपका मन किसी यात्रा पर जाने को कर सकता है।
- **कन्या :** आज का दिन आपके लिए सावधानी पूर्वक चलने के लिए रहेगा। आप किसी को धन उधार ना दें और आपको किसी से की वादा भी बहुत सोच समझकर करना होगा। आप शेयर मार्केट में कोई जोखिम न लें। आने वाले समय में आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं।
- **तुला :** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप मित्रों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे। आपको काम को लेकर भागदौड़ भी बनी रहेगी। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।
- **वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि आपका कोई कानूनी मामला लंबे समय से विवादित था, तो वह भी समाप्त हो सकता है। आप यदि किसी काम को पूरा होने का इंतजार कर रहे थे, तो वह भी पूरा होगा, जिससे आपको खुशियां मिलेगी। परिवार में किसी पूजा-पाठ का आयोजन हो सकता है।
- **धनु :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी मनचाहे कॉलेज में दाखिला मिल सकता है। आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। यदि आपको किसी काम को लेकर कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होती दिख रही हैं।
- **मकर:** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है और आपकी अपने माता-पिता से खूब पटेगी धन को लेकर यदि कोई समस्या थी तो वह भी आपकी दूर होती दिख रही है।
- **कुंभ :** आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। आपको परिवार के सदस्यों के साथ मिल बैठकर कुछ पारिवारिक समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप अपने कामों को लेकर आलस्य बिल्कुल ना दिखाएं ।
- **मीन :** आज का दिन आपके लिए अकस्मात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको आपके डूबे हुए धन की प्रति हो सकती हैं। संतान को किसी प्रतियोगिता में पुरस्कार मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

# आवारा जानवरों पर सख्तीः सड़कों से कुत्ते-गाय हटाने का हाईकोर्ट आदेश

## बाधा डालने वालों पर होगी एफआईआर, डॉग शेल्टर और गोशालाओं की रिपोर्ट तलब

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सड़कों और सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों व अन्य जानवरों को हटाने के लिए नगर निगमों व जिम्मेदार एजेंसियों को कड़ा आदेश दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि अभियान में बाधा डालने वालों पर एफआईआर होगी। कोर्ट ने यह भी कहा, यदि प्रेम या धार्मिक आस्था से जानवरों को खाना खिलाना चाहते हैं, तो डॉग शेल्टर और गोशालाओं में जाकर करें।



अगली सुनवाई तक डॉग शेल्टर होम व गोशालाओं की स्थिति, रखरखाव और वहां मौजूद कर्मचारियों व डॉक्टरों की संख्या बतानी होगी। इसके साथ ही शिकायत दर्ज करवाने के लिए पूरी सुविधा देनी होगी। इसके लिए नगर निगम को टेलीफोन, मोबाइल नंबर या ईमेल जारी करना होगा, जहां नागरिक आवारा जानवरों से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकें। विशेष अभियान के तहत शहर की सड़कों से कुत्तों व अन्य जानवरों को हटाया जाए, साथ ही उन्हें न्यूनतम शारीरिक नुकसान पहुंचे इसका ध्यान रखा जाए।

**बाधा डालने वालों पर कार्रवाईः** कोई भी व्यक्ति या संगठन अगर नगर निगम टीम को रोकता है, तो नगरपालिका कानूनों के तहत कार्रवाई और एफआईआर की जाएगी। हाईवे पर गश्त हाईवे से भी आवारा जानवरों को हटाकर यातायात सुचारू करने के लिए नियमित गश्त अनिवार्य। दरअसल यह मामला 31 जुलाई को जोधपुर में आवारा कुत्तों के हमलों की खबरों पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट डॉ. सचिन आचार्य, प्रियंका बोराणा और हेली पाठक को न्याय मित्र नियुक्त किया। सरकारी व अन्य पक्षों ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अब इस मामले की सुनवाई 8 सितंबर 2025 को होगी।

## दोस्ती के बहाने होटल में धोखे से बुलाकर युवती से रेप

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** जयपुर में दोस्ती कर एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। धोखे से आरोपी दोस्त ने होटल में मिलने बुलाया। कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला उसके साथ दुष्कर्म किया। श्याम नगर थाने में पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच श्याम नगर थानाधिकारी दलबीर सिंह कर रहे है। उन्होने बताया कि मानसरोवर की रहने वाली 25 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर ली। दोस्त बनने पर दोनों की आपस में बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि 8 अगस्त को आरोपी ने बातचीत के दौरान मिलने के लिए बुलाया। श्याम नगर इलाके में स्थित होटल में मिलने आने का दबाव बनाया।

## राखी पर बहन को गिफ्ट देने के लिए तीन युवक बन गए लुटेरे... पुलिस के हत्थे चढ़े



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राखी पर बहनों को गिफ्ट देने का जुनून तीन युवकों को अपराध की राह पर ले गया। सदर थाना पुलिस ने जोधपुर से आए युवक का अपहरण कर लूटपाट और मारपीट करने वाले तीनों आरोपियों को मात्र तीन दिन में बापर्दा गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सूरज सिंह उर्फ शेरू (23) निवासी करणी विहार, यश राठौड़ उर्फ कानू (19) निवासी कालवाड़ रोड हाथोज, और सोनू बैरवा (21) निवासी सरवाड़, अजमेर (हाल करणी विहार) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि रक्षाबंधन पर बहनों के लिए गिफ्ट खरीदने के पैसों की कमी के चलते उन्होंने लूट की योजना बनाई। एसीपी सदर धर्मवीर सिंह ने बताया कि परिवादी पंकज कुमार निवासी नोहर, हनुमानगढ़, 8 अगस्त की रात ट्रेन से जयपुर आया था। जयपुर जंक्शन से बहन के घर जाने के लिए उसने कैब बुक की, लेकिन धाबास पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवकों ने रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पंकज का अपहरण कर जान से मारने की धमकी दी, 3,000 रुपये नकद और फोन पे से 16,300 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। बाद में उसे सुनसान जगह पर छोड़कर भाग गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर करणी विहार, करधनी और मानसरोवर से तीनों आरोपियों को दबोच लिया।

## छात्रवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** लक्ष्मी जगदीश शिक्षा समिति, जयपुर ने 10 अगस्त 2025 को बगडा समाज के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह में मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को मेरिट व आर्थिक आधार पर सम्मानित और छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.एल. शर्मा और एल.एल. अग्रवाल ने कार्यक्रम हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में 40 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हनुमान सहाय मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 1,00,000 की राशि छात्रों की मदद के लिए दी गई। समिति के महासचिव सतनारायण प्रजापत ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## राष्ट्रीय शिक्षा कॉन्क्लेवः सुनील शर्मा ने दिया नवाचार आधारित शिक्षा का मंत्र

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर के जनसंपर्क अधिकारी एवं जयपुर निवासी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षा कॉन्क्लेव 2025 में कहा कि भारत की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए अब ऐसे स्नातक तैयार करने होंगे जो नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजक हों। एंटरप्रेन्योरियल यूनिवर्सिटीज फॉस्टरिंग इनोवेशन एंड स्टार्टअप्स विषय पर बोलते हुए डॉ. शर्मा ने विश्वविद्यालयों को नवाचार, स्टार्टअप इनक्यूबेशन एवं उद्योग अकादमिक सहयोग के केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में संचार कौशल, उद्योग से जुड़ाव और अनुभवात्मक शिक्षा को शामिल किया जाए, जिससे विद्यार्थी अपने विचारों को स्थायी उद्यमों में बदल सकें। इस सत्र का संचालन एमिटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के प्रो. डॉ. संजय कुमार झा ने किया।



## त्रिवेणी नगर से स्कूटी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** जयपुर के त्रिवेणी नगर पुलिया स्थित एक जन औषधि केन्द्र के बाहर से चोर स्कूटी चोरी कर ले गए। चोरी की यह वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई है। जिसमें मुंह पर रुमाल लगाए हुए व्यक्ति स्कूटी ले जाते हुए दिखाईदे रहा है। चोरी की रिपोर्ट महेशनगर थाने मे दर्ज करवाई गई है। पीड़ित मानसरोवर निवासी मुकेश गोयल पुत्र जगदीश प्रसाद हैं। जो कि स्वामी रामदेव के निजी सचिव हिंडौन निवासी अजय आर्य के दामाद है।

पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में मुकेश गोयल ने बताया कि वह गत दिवस करीब साढ़े 11 बजे जनऔषधि केन्द्र त्रिवेणीनगर पुलिया के पास दवाई लेने गया था। उसके पास एक पिटठू बैग भी था, जिसमें 50 हजार रुपए रखे हुए थे। जल्दबाजी में वह बैग को स्कूटी पर ही छोडकर दुकान के अंदर दवाई लेने चला गया, जहां भीड होने के कारण वह वापस करीब 11 बजकर 48 मिनट पर आया था। इस बीच उसकी स्कूटी चोरी हो गई। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हो गई हैं। पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को गिरफ्तार करने की मांग की गई है।




**खोया पाया**

**श्रीमती** सम्पति कुमावत पत्नी श्री रमेशचन्द कुमावत पता हनुमान नगर कचोलिया रोड चौमूं की है जो सन् 2019 में घर पर रजिस्ट्री गुम गई थी जो हमने बहुत जगह पर देखा पर मिला नही अब मुझे काफी परेशानी हो रही है। मिलने पर सुचित करें।


## छात्रसंघ चुनाव की मांग पर भूख-हड़ताल, बोले चुनाव कराकर ही दम लेंगे



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव को लेकर विरोध तेज हो गया है। सोमवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र नेता शुभम रेवाड़ अपने समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए। शुभम ने साफ कहा— जब तक चुनाव नहीं होंगे, अनशन जारी रहेगा, चाहे जान ही क्यों न चली जाए। शुभम के अनुसार, एडमिशन फीस के साथ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने चुनावी शुल्क भी वसूला, लेकिन चुनाव कराने को तैयार नहीं है। छात्रों का आरोप है कि लंबे समय से सरकार और प्रशासन उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं। पिछले दिनों, कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की बारात निकालकर विरोध जताया, तो कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री की शव यात्रा निकाली। छात्र जल समाधि और जमीन समाधि तक कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक भी चुनाव कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक सरकार और प्रशासन के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई है। शुभम रेवाड़ का कहना है— यह संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर है, चुनाव हुए बिना हम पीछे नहीं हटेंगे।

## संस्कृतभारती का अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग महापुरा में प्रारंभ

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 अगस्त।** संस्कृतभारती के अखिल भारतीय विस्तारक वर्ग का शुभारंभ आज प्रातः 11 बजे एसएसआईआरटी महापुरा, जयपुर में हुआ। मुख्य वक्ता एवं संस्कृतभारती के सह संगठन मंत्री दत्तात्रेय वज्रह्ली ने भावी विस्तारकों से संस्कृत संभाषण को जनभाषा बनाने का आह्वान किया और संगठन के विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी। आरएसएस के जयपुर प्रांत प्रचारक शबाबूलाल ने इज़राइल में भाषा पुनर्जीवन का उदाहरण देते हुए संस्कृत को व्यवहारभाषा बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली का मूल स्रोत संस्कृत है, इसलिए इसका प्रचार-प्रसार समय की आवश्यकता है। समारोह में महापुरा ग्राम पंचायत प्रशासक हनुमान सहाय खरबास भी मंचासीन रहे और आवासीय वर्ग की व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। विभाग संयोजक डॉ. कानाराम जाट ने बताया कि 30 अगस्त तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिनिधि संस्कृत विस्तारक के रूप में कार्य हेतु प्रशिक्षित होंगे। कार्यक्रम में चंद्रशेखर शर्मा, बहादुर सिंह गुर्जर, डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, शश्रीराम, हुलासचंद, कमल प्रसाद शर्मा और राजेंद्र पांडेय ने मार्गदर्शन दिया। संचालन डॉ. शिवचरण शर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन योगेंद्र कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया।




**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई निविदा सूचना**

व.मं.बि.इंजी. (टीआरडी), उ.प.रे.,जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। **क्र.सं.** 1. **एनआईटी संख्या** : ईएल-टीआरडी-जेपी-2025-26-05आर **कार्य का नाम** : इम्पलीमेंटेशन ऑफ साइबर सिक्योरिटी मेज़र्स इन एग्जिसिटंग स्काडा सिस्टम ऑफ मैसर्स वी-ब्रो मेक (रींगस-सीकर-लोहारू विथ सीकर-चूरू) एज पर आरडीएसओ टीआई/आईएन/0048 ऑफ जयपुर डीविजन **अनुमानित लागत** : 1,67,50,000.00 **बिड सिक्युरिटि राशि** : 2,33,800.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 29.08.2025 **नोट** : **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता** : **http://www.ireps.gov.in**

**1000-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें



**विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें**

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

**अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।**



**पाठकों को सलाह**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।



**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना सिगनल एवं दूर संचार विभाग
टेन्डर सं.- **KOTA/SNT/SIG/2025/24**
शुद्धि पत्र दिनांकः 11.07.2025

निविदा सूचना संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/24 की शुद्धि पत्र जो निविदा संख्या KOTA/SNT/SIG/2025/24 को दिनांक 11/07/2025 के अन्तर्गत आमंत्रित किया गया था। अब प्रशासनिक कारणों से इनके खुलने की तिथि मे परिवर्तन किया गया है, जो इस प्रकार हैः-टेन्डर सं. कोटा/एसएण्डटी/सिग/2025/24, कार्य का नाम : एसएण्डटी वर्क इन कनेक्शन विथ यार्ड रिमोडलिंग एट सालपुरा यार्ड ऑफ कोटा डिवीजन, पुरानी तारीख एवं समयः दिनांक 08.08.2025 को 15:00 बजे तक, परिवर्तित तारीख एवं समयः दिनांक 18.08.25 को 15.00 बजे तक

(हस्ता)
वरि.मं.सं. एवं दू.सं.इंजी. (समन्वय)
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत अलवर**
**सा.नि.वि. परिसर, अशोक टाकीज के पास, कचहरी रोड, अलवर**
**फोनः 0144-2737038, E-mail: sealw.pwd@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः 1389 | दिनांकः 30.07.2025

**NIT No.: 10/2025-26**

Bids for Regarding beautification work of Indian traditional glass (Thikri) in the sanctum sanctorum of State Self-reliant Temple Shri Mathuradhish Ji Alwar, repair and conservation of archaeological and decoration work along with other conservation and civil works in alwar are invited from interested bidder from 30.07.2025 02:00 PM up to 14.08.2025 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://eproc.rajasthan.gov.in** and **http://sppp.raj.nic.in** of the state and **http://pwd.rajasthan.gov.in** departmental website. The approximate value of the procurements is **79.04/- Laces.**

**UBN No.:-** 1. PWD2526WSOB08546, **NIB No.:-** PWD2526A2330

**DIPR/C/11089/2025** **Superintending Engineer, PWD Circle Alwar**



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

न. जेपी/टी.आर.डी./जयपुर यार्ड/वांशिग लाईन नं. 1,2 एवं 3 दिनांक : 07.08.2025

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मंडल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर **25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज** एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने निविर्दिष्ट तारीख **11.08.2025** को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नही जाएगा।

| खण्ड | तारीख |
|---|---|
| **जयपुर यार्ड में ट्रेन सेट/डीडीपीआरएस के रखरखाव हेतु अवसंरचना सुविधाओं के संबंध में** जयपुर यार्ड वाशिंग लाईन संख्या 2 और 3 लोकेशन 241/482.00 से किमी 240/696.78 और किमी 241/540.50 से किमी 240/696.78 तक। **और** जयपुर यार्ड वाशिंग लाईन संख्या 1 में किमी 241/446.00 से किमी 240/803.50 और किमी/696.78 तक ओएसई की पुनर्व्यवस्था **टी.के.एम.- 1.68** | **11.08.2025** |

**1001-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें






**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक: समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अनअंकेक्षित) | पृथक: समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अनअंकेक्षित) | पृथक: समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अनअंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अनअंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 82,244 | 83,173 | 2,89,725 | 91,745 | 87,037 | 3,07,201 |
| 2. | अपवादात्मक मदों एवं कर से पूर्व शुद्ध लाभ | 44,333 | 45,022 | 1,29,610 | 41,079 | 48,298 | 1,11,169 |
| 3. | कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के पश्चात) | 44,333 | 45,022 | 1,29,610 | 41,079 | 48,298 | 1,11,169 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ | 25,851 | 32,715 | 97,018 | 22,758 | 35,709 | 81,802 |
| 5. | अवधि के लिए कर पश्चात कुल व्यापक आय | 25,561 | 32,601 | 95,919 | 22,466 | 35,595 | 80,699 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (10/- रुपए प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू) | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 |
| 7. | पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी | 10,60,791 | 10,42,649 | 10,35,230 | 10,47,271 | 10,49,700 | 10,24,885 |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | - | - | - |
| 9. | नेटवर्थ | 14,53,771 | 14,35,629 | 14,28,210 | 14,40,251 | 14,42,680 | 14,17,865 |
| 10. | प्रदत्त ऋण पूंजी | 10,45,112 | 9,67,117 | 10,55,716 | 28,12,532 | 21,61,319 | 27,03,640 |
| 11. | प्रतिदेय वरियता शेयर | - | - | - | - | - | - |
| 12. | प्रति शेयर आय (₹ 10/- प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नही) -बेसिक एवं डायल्यूटेड (₹ में): | | | | | | |
| | -नियामक आस्थगित खाता शेष में शुद्ध चलन को छोड़कर | 0.72 | 0.89 | 2.50 | 0.65 | 0.96 | 2.11 |
| | -नियामक आस्थगित खाता शेष में शुद्ध चलन सहित | 0.66 | 0.83 | 2.47 | 0.58 | 0.91 | 2.08 |
| 13. | पूंजी प्रतिदेय रिजर्व | 20,683 | 20,683 | 20,683 | 20,683 | 20,683 | 20,683 |
| 14. | डिबेंचर प्रतिदेय रिजर्व | - | - | - | - | - | - |
| 15. | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.72 | 0.67 | 0.74 | 1.95 | 1.50 | 1.91 |
| 16. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | 2.45 | 2.46 | 2.04 | 1.99 | 2.62 | 2.05 |
| 17. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | 4.67 | 3.99 | 3.85 | 3.44 | 4.24 | 3.79 |

**एसजेवीएन लिमिटेड**
**SJVN Limited**
(भारत सरकार एवं हि.प्र. सरकार का संयुक्त उपक्रम)
'नवरत्न सीपीएसई'

**नोटः 1.** उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 एवं 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल वित्तीय परिणामों का एक सार है। इन वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप हमारी वेबसाइट **https://www.sjvn.nic.in** के निवेशक खंड और बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट सेक्शन में क्रमशः **https://www.bseindia.com** और **https://www.nseindia.com** पर उपलब्ध है।
**2.** जहां भी आवश्यक समझा गया, गत अवधियों के आंकड़ों को पुनर्वर्गीकृत/पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित/पुनर्वर्णित किया गया है।

CIN : L40101HP1988GOI008409

**पंजीकृत कार्यालयः** एसजेवीएन कॉरपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला-171006, हि. प्र. (भारत)
**संपर्क कार्यालयः** कार्यालय ब्लॉक, टावर-I, छठी मंजिल, एनबीसीसी परिसर, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023

टेलीफोनः 0177-2660075
फैक्सः 0177-2660071
ईमेलः investor.relations@sjvn.nic.in
वेबसाईटः **www.sjvn.nic.in**

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 11.08.2025

दिनांक 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों को देखने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
-हस्ता-
**(राजेन्द्र प्रसाद गोयल)**
निदेशक (वित्त)
डीआईएनः 08645380

## आज का दिन

भाद्रपद कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1447, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 12 अगस्त, सन् 2025 ईस्वी। वार- मंगलवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-ग्रीष्म

## सम्पादकीय

# पाक की खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दुनिया के लिए खतरा

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने जिस तरह खुलेआम परमाणु युद्ध की धमकी दी है, उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इससे भारत की यह चिंता पुष्ट होती है कि पाकिस्तान के पास एटॉमिक पावर होना पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उस पर निगरानी बढ़ाए जाने की जरूरत है। मुनीर इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। पहली बार किसी ने अमेरिकी धरती से किसी तीसरे देश के लिए इस तरह धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया है। यह भी पहली बार है, जब किसी सेना प्रमुख ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह परमाणु हथियार भी इस्तेमाल कर सकता है। मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के होते हैं। ऐसे में मुनीर के बयान को पाकिस्तान की पॉलिसी की तरह देखा जाना चाहिए। भारत ने 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। साथ ही किसी गैर परमाणु शक्ति देश के खिलाफ भी एटमी पावर नहीं दिखाई जाएगी। लेकिन, पाकिस्तान ऐसी किसी नीति से नहीं बंधा और यही फिक्र की बात है। मुनीर का अंदाज कि 'हम अपने साथ आधी दुनिया को ले डूबेंगे', पाकिस्तान के असुरक्षित ऑटोमिक डॉक्ट्रीन का नमूना है। मुनीर का बयान उकसाने वाला और शांति की कोशिशों के खिलाफ है। यह विडंबना है कि उन्होंने इन बातों के लिए उस जगह को चुना, जिसके राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप आधा दर्जन युद्ध रुकवाने का दावा कर रहे हैं और जिनके लिए शांति का नोबेल मांगने वालों में पाकिस्तान भी है। यह आम बात नहीं हो सकती कि मुनीर दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका की यात्रा पर हैं। इन दो महीनों के दौरान दो देशों के रिश्तों में काफी बदलाव आया है। ट्रंप को अब इस्लामाबाद के रूप में एक प्रमुख क्षेत्रीय सहयोगी दिख रहा है। मुनीर के बयान का भारतीय विदेश मंत्रालय ने बिल्कुल सही जवाब दिया है कि जिस देश में सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हो, वहां परमाणु कमांड और कंट्रोल की विश्वसनीयता पर संदेह होना स्वाभाविक है। एमईए ने यह भी कहा कि भारत किसी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी सरकार का यही रुख था। मुनीर के बयान का इस्तेमाल भारत को पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाने और उसके परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए करना चाहिए।

*मुनीर की बातें जितनी गैरजिम्मेदार हैं, उतनी ही चिंता बढ़ाने वाली भी। पाकिस्तान के सिस्टम में सेना क्या भूमिका रखती है, यह सभी को मालूम है। भले वहां चुनी हुई सरकार हो, लेकिन फैसले सेना प्रमुख के होते हैं।*

## विदेशी अखबारों से

# हिंदुओं की मॉब लींचिंग का गढ़ बनता जा रहा बांग्लादेश

**बांग्लादेश** में शेख हसीना शासन के निर्वासन के बाद से ही हिंदुओं पर हमले की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। हिंदुओं को पीटे जाने, उनके मकानों और दुकानों को आग लगाने व मंदिरों पर हमले की खबर अंतरिम सरकार के आने के बाद से ही लगातदार देखने को मिल रही है। आलम ये है कि बांग्लादेश हिंदुओं की मॉब लींचिंग का गढ़ बनता जा रहा है। एक साल में 142 भीड़ के हमलों में 69 मारे गए हैं। इनमें 21 हिंदुओं पर हमले भी शामिल हैं। अब ताजा मामला बांग्लादेश के रंगपुर का है। बांग्लादेश के रंगपुर जिले में भीड़ ने दो हिंदू नागरिकों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान घनीरामपुर गांव के रुपलाल दास और उनके रिश्तेदार प्रदीप दास के रूप में हुई। रुपलाल जूते सिलने का काम करते थे, प्रदीप वैन चलाते थे। घटना के बाद रुपलाल की पत्नी न्याय की गुहार लगा रही हैं, जबकि उनके 3 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। शनिवार रात 9 बजे तरगंज-काजीहाट मार्ग के बत्ताला इलाके में दोनों को वैन चोरी और बच्चे की चोरी के शक में रोक लिया गया। चूंकि क्षेत्र में हाल ही में एक बच्चे की हत्या और वैन चोरी की वारदात हुई थी। वैन में 4 छोटी बोतलें थीं, उनमें से एक में कथित फॉर्मलिन जैसी गंध आ रही थी। लोगों ने दोनों को बेरहमी से पीटा और बेहोशी की हालत में बांधकर स्कूल मैदान में छोड़ दिया। देर रात पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, तो रुपलाल को मृत घोषित किया गया, प्रदीप ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिछले एक साल में बांग्लादेश में 142 भीड़ हमलों में 69 लोगों की मौत हुई, जिनमें 6 अल्पसंख्यक थे। हिंदू समुदाय पर 21 बार भीड़ हमले हुए।

## प्रेरक प्रसंग

# एक नई उड़ान

**एक** छोटे शहर में आरव नाम का एक लड़का रहता था। उसका सपना था कि वह एक दिन पायलट बने और आसमान में उड़ान भरे। लेकिन उसके हालात मुश्किल थे। पिता एक मजदूर थे और माँ घरों में काम करती थीं। पैसे की कमी थी, लेकिन आरव के इरादे मजबूत थे। स्कूल के बाद वह लाइब्रेरी जाकर घंटों किताबें पढ़ता। वह जानता था कि सपने देखने से ज़्यादा ज़रूरी है उन्हें पूरा करने की मेहनत करना। लोग उसका मज़ाक उड़ाते, कहते, तेरे जैसे गरीब लड़के पायलट नहीं बनते। लेकिन वह चुपचाप अपनी तैयारी में लगा रहा। एक दिन स्कूल में स्कॉलरशिप का फॉर्म आया। आरव ने भर दिया और कठिन परीक्षा दी। परिणाम आया—वह पास हो गया। उसे एक अच्छे स्कूल में पढ़ने का मौका मिला। वहां से उसने हर पड़ाव पार करते हुए फ्लाइट स्कूल में दाखिला लिया। सालों की मेहनत के बाद, जब पहली बार उसने यूनिफॉर्म पहनी और हवाई जहाज़ उड़ाया, तो उसकी आँखों में आँसू थे। वह जानता था, यह उसकी माँ-पिता की मेहनत और उसकी खुद की लगन का नतीजा था। आज आरव एक सफल पायलट है। जब भी वह गांव आता है, बच्चे उसे देखकर कहते हैं, हमें भी आरव भैया जैसा बनना है। इससे यही सीख मिलती है कि हालात चाहे जैसे भी हों, अगर आपके सपनों में जान है और आप में उन्हें पाने की लगन है, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

# पाक सेनाध्यक्ष की धमकी और भारतीय सेनाध्यक्ष के बयान के बड़े संदेश

**नीरज कुमार दुबे**

*असीम मुनीर ने द इकोनॉमिस्ट को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफ कहा- हम पूर्व से शुरू करेंगे। यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहां हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। यहां पुराने इस्लामी नेटवर्क और आतंकी चैनलों के फिर से सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा, मुनीर ने न केवल पूर्वी मोर्चे पर रणनीतिक वार की बात की, बल्कि जल युद्ध की धमकी देते हुए कहा, भारत बांध बनाए और हम उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे। साथ ही, परमाणु हमले की अप्रत्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे।*

**दक्षिण** एशिया में सामरिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। एक ओर पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर के ताज़ा बयान ने भारत के पूर्वी मोर्चे पर संभावित खतरे का संकेत दिया है तो दूसरी ओर भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आने वाले युद्ध को केवल सैनिकों का नहीं, बल्कि पूरे देश का युद्ध बताया है। दोनों बयान यह स्पष्ट कर रहे हैं अगला टकराव पारंपरिक सीमाओं से परे होगा, यह सैन्य शक्ति, तकनीक, सूचना युद्ध और जन-भागीदारी का सम्मिलित परीक्षण होगा। हम आपको बता दें कि असीम मुनीर ने द इकोनोमिस्ट को दिए साक्षात्कार और अमेरिकी धरती पर दिए बयानों में साफ कहा— हम पूर्व से शुरू करेंगे। यह बयान भारत-बांग्लादेश गलियारे की ओर इशारा करता है, जहां हालिया राजनीतिक बदलावों के बाद ढाका का रुख पाकिस्तान के प्रति कुछ नरम दिख रहा है। यहां पुराने इस्लामी नेटवर्क और आतंकी चैनलों के फिर से सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा, मुनीर ने न केवल पूर्वी मोर्चे पर रणनीतिक वार की बात की, बल्कि जल युद्ध की धमकी देते हुए कहा, भारत बांध बनाए और हम उसे दस मिसाइलों से उड़ा देंगे। साथ ही, परमाणु हमले की अप्रत्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पाकिस्तान पर अस्तित्व का संकट आया, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेंगे।

मुनीर के ये बयान उस समय आए हैं जब पाकिस्तान-अमेरिका रिश्तों में सुधार देखने को मिला है। अमेरिकी सेंटकॉम के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात और पाकिस्तान को फिर से अमेरिकी रणनीतिक मानचित्र में लाने का दावा, मुनीर के आत्मविश्वास को बढ़ा रहा है। महीने भर में दो बार अमेरिका की यात्रा करने के बाद मुनीर जिस तरह परमाणु धमकियां दे रहे हैं और भारत के साथ आधी दुनिया को लेकर डूबने की बात कह रहे हैं उससे अमेरिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। देखा जाये तो पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का अमेरिका की धरती से भारत को सीधी परमाणु धमकी देना केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर संकेत है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद को भारत-पाकिस्तान के बीच शांति दूत के रूप में प्रस्तुत कर नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नैतिक आधार तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। मुनीर ने न केवल यदि हमारे अस्तित्व पर खतरा हुआ तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे जैसी उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी जिम्मेदार परमाणु शक्ति की तरह व्यवहार करने को तैयार नहीं है। ऐसे में ट्रंप के 'शांति दूत' होने का दावा हास्यास्पद प्रतीत होता है, क्योंकि उनके देश में खड़े होकर ही पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य नेता ने परमाणु युद्ध की धमकी दी। यह स्थिति अमेरिका की कूटनीतिक साख पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। सवाल उठता है कि क्या वाशिंगटन अपने मेहमानों के कट्टर और आक्रामक भाषणों को महज राजनीतिक बयानबाज़ी मानकर अनदेखा करता रहेगा? और क्या दुनिया ऐसे शांति प्रयासों को गंभीरता से लेगी, जिनके बीच ही परमाणु युद्ध की आशंका का सार्वजनिक प्रसारण हो रहा हो? मुनीर का यह बयान एक बार फिर याद दिलाता है कि पाकिस्तान की नीति में परमाणु हथियार सिर्फ रक्षा का साधन नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामरिक दबाव का हथियार हैं— और यही वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।



इसके अलावा, असीम मुनीर का अमेरिका में खड़े होकर भारत को परमाणु धमकी देना केवल सैन्य या कूटनीतिक बयान नहीं, बल्कि इसके पीछे एक गहरी आर्थिक मंशा भी झलकती है। पाकिस्तान की यह पुरानी रणनीति रही है कि जब भी उसकी आर्थिक हालत चरमरा जाती है, वह भारत के साथ तनाव बढ़ाकर और परमाणु युद्ध की आशंका पैदा करके वैश्विक वित्तीय संस्थाओं और दाता देशों पर दबाव बनाता है। इस बार भी यही पैटर्न दिखाई देता है— अंतरराष्ट्रीय मंच पर परमाणु धमकी देकर पाकिस्तान ने अप्रत्यक्ष रूप से विश्व बैंक, आईएमएफ और अन्य वित्तीय एजेंसियों को यह संदेश दिया कि अगर उसके भुगतान रोके गए तो दक्षिण एशिया में अस्थिरता बढ़ सकती है, जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। यह न्यूक्लियर ब्लैकमेल की रणनीति पाकिस्तान दशकों से अपनाता आ रहा है और कई बार उसे आपातकालीन वित्तीय पैकेज भी इसी दबाव के चलते मिल चुके हैं। समस्या यह है कि वैश्विक संस्थाएं पाकिस्तान की इस रणनीति को भलीभांति जानती हैं, फिर भी क्षेत्रीय अस्थिरता के डर से उसके आगे झुक जाती हैं। यह प्रवृत्ति न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून और जिम्मेदार परमाणु आचरण के खिलाफ है, बल्कि इससे पाकिस्तान को यह गलत संदेश भी जाता है कि वह धमकी की राजनीति से आर्थिक लाभ उठाता रह सकता है। वास्तव में, यदि दुनिया सचमुच दक्षिण एशिया में स्थिरता चाहती है तो उसे इस तरह की परमाणु धमकियों को पुरस्कृत करने की बजाय इन पर कड़े आर्थिक और कूटनीतिक प्रतिबंध लगाने की नीति अपनानी होगी।

दूसरी ओर, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आईआईटी मद्रास में स्पष्ट शब्दों में कहा— अगला युद्ध निकट हो सकता है और हमें इसकी तैयारी अभी करनी होगी। उन्होंने 'हॉल ऑफ नेशन' दृष्टिकोण पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस बार लड़ाई सिर्फ सीमाओं पर तैनात सैनिक नहीं लड़ेंगे; नागरिक तैयारी, तकनीकी श्रेष्ठता और सूचना प्रबंधन उतने ही निर्णायक होंगे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में सटीक हमले किए गए। इस अभियान में तकनीक, सामरिक संदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नैरेटिव सेट करने का संयोजन किया गया। पाकिस्तान के भीतर जहां इसे जीत के रूप में पेश किया गया, वहीं भारत ने जस्टिस डन संदेश के साथ वैश्विक स्तर पर समर्थन हासिल किया। इस संदेश को महिला अधिकारियों की प्रेस ब्रीफिंग और विशेष ऑपरेशन लोगो जैसे प्रतीकों से और मज़बूत किया गया। देखा जाये तो यह साफ है कि पाकिस्तान की धमकियों में केवल सैन्य टकराव का इशारा नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सूचना युद्ध का भी संकेत है। मुनीर का 'पूर्व से शुरू' करने का दावा भारत की बहु-मोर्चीय सुरक्षा चुनौतियों को रेखांकित करता है, जहां चीन-पाकिस्तान की सामरिक साझेदारी, बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा और आतंकी नेटवर्क एक साथ सक्रिय हो सकते हैं। वहीं, भारत की 'पूरे राष्ट्र' वाली रक्षा अवधारणा, केवल पारंपरिक हथियारों पर निर्भर रहने की बजाय, तकनीक, नागरिक सुरक्षा ढांचे और सामूहिक संकल्प को भी युद्ध के निर्णायक तत्व मान रही है। बहरहाल, मुनीर के बयानों और जनरल द्विवेदी की चेतावनी में एक साझा संदेश छिपा है— अगला संघर्ष बहु-आयामी होगा। यह पूर्वी और पश्चिमी मोर्चों से लेकर सूचना और साइबर स्पेस तक फैला होगा। भारत के लिए यह समय केवल सैन्य तैयारी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को एक साथ साधने का है। क्योंकि इस बार, खतरा न सीमा जानता है, न पारंपरिक युद्ध के नियम।

# ममता की टकराव की राजनीति से कमजोर होगा कानून का शासन

**योगेंद्र योगी**

*निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने में कथित चूक को लेकर राज्य सरकार के चार अधिकारियों और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को निलंबित करने का निर्देश दिया था। ममता ने चुनाव आयोग के इस कदम की वैधता पर सवाल उठाया और आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम उन्हें निलंबित नहीं करेंगे। ममता ने निर्वाचन आयोग को भाजपा का बंधुआ मजदूर करार देते हुए कहा कि वे अमित शाह और बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग से इस टकराव से कुछ दिनों पहले अवैध बांग्लादेशियों की शिनाख्त और उन्हें वापस भेजे जाने के मुद्दे को लेकर भी ममता सरकार ने इसी तरह का रुख अख्तियार किया था।*

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ठान लिया है कि हरहाल में केंद्र सरकार और स्वायत्त संवैधानिक संस्थाओं का विरोध करना है। सीमा संबंधी विवादों में जिस तरह पाकिस्तान और चीन से भारत का टकराव रहता है, ठीक ऐसी ही हालत ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की हो गई है। ममता का बस चले तो अदालतों के निर्णयों को भी नहीं माने, किन्तु अवमानना के भय से मानना मजबूरी बन गई है। विवादों की इसी श्रृंखला में केंद्रीय चुनाव आयोग से टकराव की एक कड़ी ओर जुड़ गई है। ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के निर्देश पर चार अफसरों को निलंबित करने से किया इंकार कर दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने में कथित चूक को लेकर राज्य सरकार के चार अधिकारियों और एक डाटा एंट्री ऑपरेटर को निलंबित करने का निर्देश दिया था। ममता ने चुनाव आयोग के इस कदम की वैधता पर सवाल उठाया और आयोग पर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हम उन्हें निलंबित नहीं करेंगे। ममता ने निर्वाचन आयोग को भाजपा का बंधुआ मजदूर करार देते हुए कहा कि वे अमित शाह और बीजेपी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग से इस टकराव से कुछ दिनों पहले अवैध बांग्लादेशियों की शिनाख्त और उन्हें वापस भेजे जाने के मुद्दे को लेकर भी ममता सरकार ने इसी तरह का रुख अख्तियार किया था।

अल्पसंख्यक वोट बैंक को हरहाल में अपनी तरफ रखने के प्रयासों के तहत ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों के मुद्दे पर दिल्ली पुलिस की तरफ से भेजे गए पत्र में भाषा और शब्दों पर आपत्ति जताई थी। दिल्ली पुलिस ने वैध दस्तावेजों के बगैर भारत रह रहे 8 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के संबंध में बंग भवन के कार्यालय प्रभारी को एक पत्र लिखा था। ममता बांग्लादेशी शब्द लिखने पर भड़क गई। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार को बंगाल विरोधी तक करार दे दिया। इस पर भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने ममता बनर्जी को भाषाई संघर्ष भड़काने के लिए, शायद राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वोट बैंक के लिए ममता बनर्जी की तुष्टिकरण का ही परिणाम है कि मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।

केंद्रीय एजेंसियों और स्वायत्तशाषी संस्थाओं से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के टकराव की फेहरिस्त काफी लंबी है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के डायमंड हार्बर में हुए रोड शो के दौरान पथराव और हमले में सुरक्षा चूक को लेकर पश्चिम बंगाल डीजीपी और चीफ़ सेक्रेटरी से जवाब तलब किया था। राज्य सरकार ने कोरोना का हवाला देकर दोनों अधिकारियों को भेजने से इंकार कर दिया। इससे पहले केंद्र ने जेपी नड्डा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे तीन आईपीएस अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में पहले से ही आईपीएस अधिकारियों की संख्या काफी कम है। ऐसे में तीन अधिकारियों को डेप्युटेशन पर भेजना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अम्फान तूफान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान प्रोटोकाल की परवाह किए बगैर ममता बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुई। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब सबसे बड़ी जांच एजेंसी के पांच अधिकारियों को राज्य की पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। शारदा चिट फंड घोटाले की जांच कर रही सीबीआई टीम कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार के घर पहुंची। पुलिस कमिश्नर के घर पर तैनात गार्ड ने सीबीआई टीम को अंदर आने से रोक दिया। पुलिस सीबीआई के रिजनल दफ्तर पहुंची।

पुलिस ने सीबीआई के पांच अधिकारियों को हिरासत में भी ले लिया। सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में ममता बनर्जी मेट्रो चैनल के पास धरने पर बैठ गईं। देश में संवैधानिक ढांचे का ऐसा मजाक शायद ही किसी राज्य में उड़ाया गया हो, जहां भारतीय सिविल सेवा का अधिकारी धरने पर शामिल हुआ हो। सिविल सेवा के अधिकारी होते हुए कोलकाता पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार अपने घर से बाहर निकले और ममता बनर्जी के साथ धरने पर बैठे। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदर्शन किए। कई जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले फूंके गए और हावड़ा-हुगली में ट्रेन को रोक दिया गया। इसके अलावा देश में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के संबंधों में कटुता की पश्चिम बंगाल में सारी हदें पार हो गई। विधानसभा के वर्षाकालीन अधिवेशन के दौरान राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ ने अभिभाषण के मसौदे में से कुछ हिस्सों को बदलने की मांग की। लेकिन सरकार ने इससे साफ इंकार कर दिया। ममता बनर्जी और उनकी पार्टी ने राज्यपाल धनखड़ पर जैन हवाला मामले में शामिल होने और हरियाणा में विवेकाधीन कोटे से जमीन का अवैध आवंटन कराने के मामले में शामिल होने का आरोप लगाया। राजभवन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राज्यपाल ने ममता के इस आरोप को निराधार करार दिया। राज्यपाल धनखड़ और ममता सरकार के बीच अभिभाषण पर भी विवाद बढ़ गया।

देश के राजनीतिक इतिहास में ऐसा पहले कभी किसी भी राज्य की सरकार ने नहीं किया, जो ममता ने वैधानिक परंपराओं को तिलांजलि देते हुए कर दिखाया। सरकार ने अभिभाषण का मसौदा राजभवन भेजा। लेकिन राज्यपाल धनखड़ ने यह कहते हुए इसमें बदलाव की मांग की कि इसमें लिखी बातों और जमीनी हकीकत में भारी अंतर है। लेकिन उसके बाद ममता बनर्जी ने फोन पर राज्यपाल को बताया कि अब इसमें बदलाव संभव नहीं है। राज्य मंत्रिमंडल ने इस अभिभाषण को अनुमोदित कर दिया। राज्यपाल जगदीप धनखड़ पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद हुई हिंसा को लेकर ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर लगातार हमलावर मुद्रा में रहे। इसके अलावा उन्होंने मुकुल रॉय के बीजेपी छोड़कर टीएमसी में शामिल होने के बाद दल-बदल कानून को सख्ती से लागू करने की बात कही थी। टीएमसी नेताओं का कहना है कि राज्यपाल सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। साथ ही कुछ दिन पहले राजभवन में हुई कुछ नियुक्तियों को लेकर भी राज्यपाल जगदीप धनखड़ पर आरोप लगाए गए थे।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही सभी राज्यपालों से संबंध कटुतापूर्ण रहे हैं। धनखड़ के बाद राज्यपाल बने सीवी आनंद बोस के साथ विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाईकोर्ट तक जा पहुंचा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह बयान दिया था कि राज्यपाल के खिलाफ हालिया आरोपों के कारण महिलाएं पश्चिम बंगाल में राजभवन में प्रवेश करने में सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री और तीन अन्य को राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ कोई भी अपमानजनक या गलत बयान देने से रोक दिया।

पश्चिम बंगाल का चुनावी इतिहास भी सर्वाधिक रक्तरंजित रहा है। चुनावी हिंसा का कलंक कभी बिहार और उत्तरप्रदेश पर था। इसके बाद पश्चिम बंगाल देश में पहले स्थान पर है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता के नेतृत्व वाली राज्य सरकार जिस तरह हर मुद्दे पर केंद्र और संवैधानिक संस्थाओं से टकराव मोल ले रहीं हैं, उससे यही लगता है कि देश की संवैधानिक व्यवस्था में उनका विश्वास नहीं रहा है, जबकि देश में दूसरे राज्यों में गैरभाजपा सरकारों पर पश्चिम बंगाल की तरह व्यवस्था से खिलवाड़ करने की ऐसे बड़े उदाहरण देखने को नहीं मिलते। सत्ता को बरकरार रखने के लिए ममता बनर्जी द्वारा उठाए गए कदम निश्चित तौर पर देश की एकता-अखंडता और कानूनी शासन को कमजोर करेंगे।

## हास्य-व्यंग्य

# निजी अस्पताल में सत्यवान...

**आलोक पुराणिक**

**हाल** की पुरातत्व -खुदाई में कुछ बहुत पुराने रेकॉर्ड मिले हैं, जिनमें ये नये तथ्य सामने आये हैं-

सती सावित्री की उस कहानी से भिन्न कुछ तथ्य प्रकाश में आये हैं, जिसमें उसने अपने पति सत्यवान की प्राण रक्षा अपनी बुद्धिमता से की। नयी प्राप्त जानकारी के मुताबिक सत्यवान अस्वस्थ चल रहा था तो उसे एक निजी अस्पताल में भरती कराया गया।

सत्यवान को पृथ्वीलोक से लाने के लिए यमराज निजी अस्पताल के गेट में घुसे ही थे कि सावित्री के रुदन-स्वर यमराज के कानों में पड़े। सावित्री की ओर न देख यमराज अस्पताल के मुख्य अधिकारी की ओर उन्मुख हुए और बोले-हे वत्स सत्यवान की डिलीवरी दो मुझे।

अस्पताल का सीईओ बोला-तीन करोड़ मुद्राओं का भुगतान करो और सत्यवान को ले जाओ।

यमराज बोले-मुझे यह अस्पताल थोड़े ही खरीदना। मुझे इस अस्पताल की कीमत क्यों बता रहे हो। इस पर निजी अस्पताल का सीईओ बोला-जी सिर्फ सत्यवान के इलाज की कीमत बता रहा हूँ।

यह सुनकर यमराज को मूर्च्छा आ गयी।

3 घंटे बाद यमराज को होश आया।

चतुर सावित्री बोली-हे यमराज, मृत्यु-संहिता के नियमों के अनुसार किसी को हस्तगत करने का एक समय निश्चित होता है। वह समय बीत जाने के बाद आप उसकी डिलीवरी नहीं ले सकते। सत्यवान की डिलीवरी लेने का वक्त तो आपने निजी अस्पताल के सीईओ से बहस करने और मूर्च्छित होने में निकाल दिया है। नियमानुसार अब आप सत्यवान को नहीं ले जा सकते।

यमराज अपना सा मुँह ले कर लौट गये, सत्यवान को उन्हें पृथ्वी लोक में छोड़ना पड़ा।

अश्वत्थामा यूं भटकता है

ऐसा बताया जाता है कि अश्वत्थामा अभी भी कईयों को दिखता है। ऐसी जनश्रुति है कि अश्वत्थामा ने शरीर का त्याग नहीं किया है।

अश्वत्थामा महाभारत में घायल होने के बाद एक निजी अस्पताल में भरती थी।

निजी अस्पताल के पास उन दिनों मरीज कम थे, सो उन्होने अपने सारे टारगेट अश्वत्थामा से ही पूरे करने की सोची। नतीजे में अश्वत्थामा का अरबों का बिल बन गया। बिल ना चुकाये जाने की दशा में अश्वत्थामा की डिलीवरी उसके परिजनों को नहीं की गयी।

परिणाम यह हुआ कि अश्वत्थामा कायदे से शरीर ना त्याग पाया और कई बार कई लोगों को दिखायी दे जाता है।

## आज सीरीज बचाने के लिए मैदान पर उतरेगी साउथ अफ्रीका टीम

**डर्बन के मरारा क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा मैच**

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 17 रनों से जीत दर्ज की थी और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। अब दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच 12 अगस्त को खेला जाएगा। अब सीरीज बचाने के लिए अफ्रीकी टीम को हर हाल में इस मैच में जीत दर्ज करना जरूरी है। साउथ अफ्रीका टीम ने साल 2009 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टी-20 मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। उसके बाद से ही पिछले 16 सालों से अफ्रीकी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो या उससे ज्यादा मैचों की टी-20 सीरीज नहीं जीत पाई है। अब अगर वह जारी सीरीज में दूसरा टी-20 मैच हार जाती है, तो सीरीज हार जाएगी। लेकिन अगर वह दूसरा टी20 मैच जीत लेती है, तो सीरीज में बराबरी हासिल कर लेगी और फिर तीसरा टी-20 मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर लेगी। उसकी निगाहें 16 साल से चले रहे टी20 सीरीज ना जीतने के मिथक को तोड़ने पर होंगी।

# हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप का आगाज आज से

## तीन टीमें हो रहीं हैं शामिल, तीन डिवीजन में बांटा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत आज से हो रही है और इसमें कुल 30 टीमें हिस्सा लेंगी। इस बार यह टूर्नामेंट जालंधर में नए डिवीजन आधारित फॉर्मेट में खेला जाएगा। नया फॉर्मेट इस साल के शुरू में सीनियर और सब जूनियर पुरुष, महिला तथा जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप में पहले ही लागू किया जा चुका है। भाग लेने वाली 30 टीमों को डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष नेशनल चैंपियनशिप में अपने से टॉप डिवीजन में जगह बनाने और निचले डिवीजन में खिसकने का प्रावधान है। डिवीजन 'ए' में देश की 12 सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष टीमें शामिल हैं। इनमें गत विजेता पंजाब, उपविजेता उत्तर प्रदेश और तीसरे स्थान पर रहने वाली हरियाणा भी शामिल हैं। डिवीजन-ए की टीमों को चार पूल में बांटा गया है और हर पूल में चार-चार टीमें शामिल हैं। इस डिवीजन के पूल मैच 16 अगस्त से शुरू होंगे, जिसके बाद 20 से 23 अगस्त तक क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा।



### डिवीजन-ए के पूल

**पूल ए:** पंजाब, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु इकाई
**पूल बी:** उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र
**पूल सी:** हरियाणा, मणिपुर, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
**पूल डी:** कर्नाटक, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, आंध्र प्रदेश

डिवीजन बी में होंगे सिर्फ लीग मुकाबले

डिवीजन 'बी' में केवल लीग मैच होंगे, जिसमें टॉप पर रहने वाली दो टीमें डिवीजन 'ए' में खेलेंगी जबकि अंतिम दो स्थान पर रहने वाली दो टीमें डिवीजन 'सी' में खिसक जाएंगी। इस डिवीजन के मैच 12 से 16 अगस्त तक चलेंगे। डिवीजन-बी की टीमों को दो दो पूलों में बांटा गया है।

### डिवीजन-बी के पूल

**पूल ए:** मिजोरम, हिमाचल, चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर, अरुणाचल
**पूल बी:** हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार, दिल्ली, उत्तराखंड, बंगाल, असम

### डिवीजन सी भी लीग फॉर्मेट में

डिवीजन 'सी' भी लीग फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसमें टीमों को चार-चार टीमों के दो पूल में बांटा गया है और टॉप दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'बी' में भेजा जाएगा। इस डिवीजन के मैच 12 से 15 अगस्त तक होंगे।

### डिवीजन-सी के पूल

**पूल ए:** केरल, ले पुडुचेरी हॉकी, तेलंगाना, त्रिपुरा
**पूल बी:** छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, गोवा

### जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के लिए अहम

तीनों ही डिवीजन में किसी भी टीम को जीत पर 3 अंक मिलेंगे। ड्रॉ पर एक अंक और हार पर जीरो अंक मिलेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि जूनियर टूर्नामेंट भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए बेहद अहम है। युवा खिलाड़ी इस फॉर्मेट में खेलकर बहुत कुछ सीखेंगे क्योंकि हमें सभी डिवीजनों की टीमों के बीच एक अलग स्तर की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

## जल्द होगा एशिया कप-2025 के लिए टीम का चयन, गिल को मिल सकता है मौका

**इंग्लैंड दौरे में अपनी बल्लेबाजी का मनवाया है लोहा**




**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 की शुरुआत अगले महीने से यूएई की धरती पर होगी, जिसमें भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगी। ऐसे में अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए टीम का चयन कर सकती है जो इस बात पर निर्भर करेगा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम सभी खिलाड़ियों का 'मेडिकल बुलेटिन' कब भेजती है जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव की जानकारी भी शामिल है जिन्होंने बेंगलुरु में नेट्स पर बल्लेबाजी शुरू कर दी है। इस बात की पूरी संभावना है कि शुभमन गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टी-20 टीम का हिस्सा बनाया जा सकता है। इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल ने कमाल का प्रदर्शन किया था और टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर थे। उन्होंने 754 रन बनाए थे, जिसमें चार शतक शामिल रहे हैं। उन्होंने कप्तानी भी अच्छी की है और ऐसा समझा जाता है कि उन्हें उपकप्तानी की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। श्रीलंका में जब टी-20 सीरीज हुई थी, तब सूर्यकुमार यादव कप्तान थे और गिल उपकप्तान। इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ गिल भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार अभिषेक शर्मा पिछली आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज हैं। संजू सैमसन ने पिछले सीजन में बल्ले और विकेटकीपर के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया था। इसलिए यह फैसला लेना मुश्किल होगा लेकिन मौजूदा फॉर्म (हालांकि टेस्ट में) को देखते हुए शुभमन गिल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। सेलेक्टर्स के लिए समस्या यह है कि टॉप क्रम में कई अच्छे खिलाड़ी मौजूद हैं।

## पाक-वेस्टइंडीज की वन-डे सीरीज का आखरी मुकाबला आज

**जरा सी चूक करा सकती है पाकिस्तान की बड़ी बेज्जती**



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच जारी सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला आज खेला जाएगा। सीरीज अभी बराबरी पर है, यानी जो भी टीम आखिरी मैच जीतेगी, वो सीरीज अपने नाम कर लेगी। इस बीच आपको जानकर ताज्जुब होगा कि साल 1990-91 के बाद से लेकर अब तक जब भी दोनों टीमें आपस में भिड़ी हैं तो या तो सीरीज बराबर रही है या फिर पाकिस्तानी टीम जीतने में कामयाब रही है। वेस्टइंडीज ने आखिरी वनडे सीरीज पाकिस्तान के खिलाफ उसी साल जीती थी। वैसे तो पाकिस्तानी टीम काफी घटिया खेल दिखा रही है, लेकिन इसके बाद भी टीम ने दो में से एक मैच अपने नाम कर लिया है। लेकिन अब अगर जरा सी भी चूक हुई तो पाकिस्तान की भयंकर बेइज्जती होगी। क्या मोहम्मद रिजवान इस शर्मनाक बात से अपनी टीम को बचा पाएंगे, ये कहना अभी मुश्किल है। खुद रिजवान के बल्ले से तो रन बन नहीं रहे हैं, साथ ही पूर्व कप्तान बाबर आजम भी एक-एक रन बनाने के लिए तरस रहे हैं। पाकिस्तानी टीम तो लचर प्रदर्शन कर ही रही है, साथ ही वेस्टइंडीज के भी हाल कुछ खास अच्छे हैं नहीं। यानी कौन सी टीम मजबूत है और कौन सी टीम कमजोर इसका अंदाजा लगाना कठिन है। हार जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि उस दिन कौन सी टीम अच्छे खेल का प्रदर्शन करती है। मुकाबला भारतीय समय अनुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम का कोई मैच अभी है नहीं, इसलिए भारतीय फैंस को भी इस मुकाबले में दिलचस्पी है।

## लंदन स्पिरिट ने नियुक्त किया अपना क्रिकेट निदेशक

**मो बोबाट को सौंपी जिम्मेदारी, आरसीबी से भी है संबंध**



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में इन दिनों द हंड्रेड टूर्नामेंट के पांचवें सीजन के मुकाबले खेले जा रहे हैं। जारी सीजन के बीच लंदन स्पिरिट की टीम ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने मो बोबाट को डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। आपको बता दें कि बोबाट आईपीएल में आरसीबी के साथ भी यही भूमिका निभाते हैं। मो बोबाट इससे पहले इंग्लैंड टीम के परफॉरमेंस डायरेक्टर रह चुके हैं। हाल ही में तकनीकी जगत के कुछ लोगों ने मिलकर इस फ्रेंचाइजी की 49 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। अगले सीजन से वह इस टीम के साथ काम करेंगे। हालांकि टीम का नाम लंदन स्पिरिट ही रहेगा। बोबाट अक्टूबर में स्पिरिट से जुड़ जाएंगे। लंदन स्पिरिट के साथ जुड़ने के बाद उन्होंने कहा कि इस रोमांचक समय पर लंदन स्पिरिट से जुड़ना सम्मान की बात है। इस फ्रेंचाइजी के क्रिकेट भविष्य को आकार देने, एमसीसी और हमारे नए पार्टनर टेक टाइटंस के साथ काम करने के अवसर को लेकर काफी उत्सुक हूं। मैं मैदान के अंदर और बाहर कुछ खास तैयार करने के बारे में सोच रहा हूं।

## सूर्यकुमार यादव से आगे निकले टिम डेविड, अब सिर्फ दो खिलाड़ी आगे

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ की विस्फोटक बल्लेबाजी**



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज टिम डेविड इस वक्त जबरदस्त फार्म में नजर आ रहे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही टी20 सीरीज में टिम डेविड ताबड़तोड़ अंदाज में रन बना हैं। इस बीच टिम डेविड ने भारत के सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया है। अब फुल मैंबर टीम में तो वे पहले नंबर पर पहुंच गए हैं, लेकिन अगर सभी बल्लेबाजों की बात करें तो डेविड से आगे दो ही खिलाड़ी बचे हैं। सूर्यकुमार यादव ने अब तक 83 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलकर 2598 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 167.07 का रहा है। इसी स्ट्राइक रेट के मामले में अब टिम डेविड सूर्यकुमार यादव से आगे निकल गए हैं। टिम डेविड ने अब तक 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलकर 1416 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 167.37 का है। यानी टिम डेविड सूर्यकुमार यादव से छोटे से अंतर से आगे निकल गए हैं। क्रिकेट की फुल मैंबर टीम में तो टिम डेविड अब पहले नंबर पर पहुंच गए हैं। लेकिन अगर सभी प्लेयर्स को इसमें शामिल किया जाए तो उनसे आगे भी दो बल्लेबाज हैं। साउदी अरेबिया के फैजल खान ने भी अब तक 61 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलकर 1743 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 173.43 का है। वे पहले नंबर पर हैं। इसके बाद आते हैं सबेर जखिल, जो बेल्जियम के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने 52 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलकर 1058 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट मौजूदा वक्त में 169.28 का है।

**अर्थ ज्योति**

## आईसीआईसीआई बैंक ने ग्राहकों को दिया झटका

**एटीएम और कैश निकालने या जमा करने पर बढ़ी फीस**

**नई दिल्ली।** अगर आपका अकाउंट प्राइवेट सेक्टर के आईसीआईसीआई बैंक में हैं तो फौरन सावधान हो जाएं। बैंक ने ग्राहकों की जेब ढीली करना शुरू कर दिया है। पहले बैंक ने मिनिमम बैलेंस पर ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया था। इसके बाद अब फिर से एक जोरदार झटका ग्राहकों को दिया है। दरअसल, बैंक ने अपने नए सेविंग्स अकाउंट होल्डर्स के लिए कई सर्विस चार्जेस में इजाफा कर दिया है। ये बदलाव 1 अगस्त 2025 से लागू हो चुका है। इन बढ़े हुए सर्विस चार्जेस का सीधा असर यू एटीएम का इस्तेमाल करने, ब्रांच में कैश डिपॉजिट करने या निकालने, मिनिमम बैलेंस की जरूरत समेत कई बैंकिंग सर्विसेज पर पड़ रहा है। इकोनमिक टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, बैंक ने ब्रांच में या कैश रिसाइक्लर मशीन के जरिए कैश जमा करने और निकालने पर नई लिमिट और चार्ज लगा दिए हैं। आईसीआईसीआई बैंक से हर महीने तीन बार कैश ट्रांजैक्शन फ्री कर सकते हैं। इसके बाद हर ट्रांजैक्शन पर 150 रुपए लगेगा। वहीं महीने में 1 लाख रुपए तक कैश जमा करने या निकालने पर कोई चार्ज नहीं लगेगा। इस लिमिट को पार करने के बाद 1,000 रुपये पर 3.5 रुपए या 150 रुपए (जो ज्यादा हो) चार्ज लगेगा। अगर किसी ट्रांजेक्शन में फ्री लिमिट (संख्या के हिसाब से) और वैल्यू लिमिट (रकम के हिसाब से) दोनों ही पार हो जाएं, तो बैंक वो चार्ज वसूलेगा जो ज्यादा होगा। थर्ड पार्टी डिपॉजिट या विदड्रॉल (यानि किसी और के अकाउंट में कैश जमा/निकासी) की लिमिट हर ट्रांजैक्शन के लिए 25,000 रुपए कर दी गई है।

### एटीएम का इस्तेमाल करने पर बढ़ गई फीस

एटीएम से कैश निकालने और बैलेंस इंक्वायरी जैसी सर्विसेज पर भी अब नया चार्ज लागू किया गया है। गैर-आईसीआईसीआई बैंक एटीएम मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में 3 फ्री ट्रांजैक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल दोनों मिलाकर) की सुविधा दी गई है। इसके बाद हर फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 23 रुपए और हर नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 8.5 रुपए चार्ज लागू कर दिया गया है। अन्य लोकेशन पर 5 फ्री ट्रांजैक्शन की सुविधा दी गई। इसके बाद चार्ज लगेगा। वहीं विदेश में हर विदड्रॉल पर 125 रुपए + 3.5 प्रतिशत करेंसी कन्वर्जन चार्ज लगेगा। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन पर 25 रुपए हर ट्रांजैक्शन चार्ज लगाया गया है।

# निजीकरण के खिलाफ आईडीबीआई बैंक कर्मचारियों की हड़ताल जारी




**चंडीगढ़।** यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज के बैनरतले ऑल इंडिया आईडीबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन और ऑल इंडिया इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार को एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल के तहत चंडीगढ़ में बैंक स्क्वायर के सेक्टर 17 में विरोध प्रदर्शन किया।

यह हड़ताल आईडीबीआई बैंक के भविष्य और कर्मचारियों के हितों से जुड़े अहम मुद्दों और मांगों को लेकर की गई। इस विरोध प्रदर्शन को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के तहत पूरे बैंकिंग उद्योग के साथ ही बीमा, रेलवे सहित अन्य क्षेत्रों के संगठनों का भी पूरा समर्थन मिला। मुख्य मांगों में भारत सरकार और एलआईसी द्वारा आईडीबीआई बैंक को निजी या विदेशी हाथों में बेचने की प्रस्तावित योजना को रोकना, पांच हजार क्लर्क और 2 हजार सब स्टाफ की भर्ती, बैंक में टोक्सिक वर्क कल्चर को समाप्त करना और अधिकारियों के लिए द्विपक्षीय ट्रांसफर पॉलिसी लागू करना शामिल है।

शाखाओं के वर्गीकरण पर मुख्यालय से सर्कुलर जारी करना, अधिकारियों के लिए फर्नीचर सुविधा, तिमाही बैठकें, कार्यकारी कर्मचारियों के लिए मेडिकल असिस्टेंस फंड योजना की दुबारा शुरुआत और मैट्रिक पास चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सॉर्टिंग क्लर्क पद पर पदोन्नति के लिए द्विपक्षीय समझौते को लागू करना भी शामिल है।

## इस आईपीओ ने पहले ही दिन दिया 72 प्रतिशत मुनाफा

**नई दिल्ली।** हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्क्चर लिमिटेड ने आज शेयर बाजार में धमाकेदार इंट्री दी है। आज सुबह बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर अपने इश्यू प्राइस से 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ लिस्ट हुए हैं।

इसकी लिस्टिंग 177 रुपए के लेवल पर हुई है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर 64.29 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 115 रुपए के लेवल पर लिस्टिंग हुई है। इस शानदार लिस्टिंग ने निवेशकों के भरोसे को और बढ़ाया है, जिसके बाद सेकेंड्री मार्केट में भी इसके शेयर 5 प्रतिशत के अपर सर्किट को हिट किए हैं।

## लोकसभा में पास हुआ नया इनकम टैक्स बिल, मिडिल क्लास पर पड़ेंगे 5 बड़े असर



**नई दिल्ली।** नया इनकम टैक्स बिल सोमवार को लोकसभा में पास हो गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बिल को सोमवार को लोकसभा में पेश किया था, जिसके बाद बिना किसी चर्चा के तीन मिनट में ही पारित कर दिया, जो आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। इस बिल के कानून बनते ही आम जनता की जेब पर भी असर पड़ेगा। नया बिल देर से रिटर्न दाखिल करने वालों को भी टैक्स रिफंड का दावा करने की सुविधा देता है। पहले ये प्रावधान नहीं था, जिससे कई करदाता रिफंड से वंचित रह जाते थे। ये खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा जो समय पर रिटर्न दाखिल नहीं कर पाते। जिन करदाताओं पर कोई टैक्स देनदारी नहीं है, वे अब अग्रिम रूप से निल-टीडीएस सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। ये सुविधा भारतीय और अनिवासी दोनों करदाताओं के लिए लागू होगी, जिससे टीडीएस से संबंधित अनावश्यक कटौती से बचा जा सकेगा। पुराने कानून में खाली घरों पर अनुमानित किराए (नोशनल रेंट) पर टैक्स लगता था, जिसे अब हटा दिया गया है। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जिनके पास किराए पर न दी गई संपत्तियां हैं। नए बिल में हाउस प्रॉपर्टी से आय पर 30 प्रतिशत स्टैंडर्ड डिडक्शन और किराए पर दी गई संपत्ति पर ब्याज कटौती को स्पष्ट किया गया है। साथ ही, गैर-कर्मचारी व्यक्तियों को भी कम्यूटेड पेंशन पर टैक्स छूट का लाभ मिलेगा, जो पहले केवल कर्मचारियों तक सीमित था। बिल में 536 धाराएं और 16 शेड्यूल हैं, जो पुराने 819 धाराओं से कम हैं। टैक्स ईयर की एकल अवधारणा ने प्रीवियस ईयर और असेसमेंट ईयर की जटिलता को खत्म किया है। इससे करदाताओं को कानून समझने और अनुपालन में आसानी होगी। सरकार ने इसी साल 13 फरवरी को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति ने इसमें कुछ बदलाव की सिफारिश की थी। प्रवर समिति ने सुझाव दिया था कि टीडीएस दावों से संबंधित प्रावधानों में बदलाव करना चाहिए।

संशोधित विधेयक में मूल आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए प्रदान की गई समयसीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल करने की स्थिति में टीडीएस रिफंड का दावा करने की अनुमति होगी।

# पहली बार पार्टनर के साथ दिल्ली से बाहर जा रही हैं तो...

## यात्रा के समय इन बातों का रखें ध्यान





**आजकल** आए दिन ऐसी खबरें देखने को मिल रही हैं, जिनमें कपल्स के बीच बढ़ते विवाद और हत्या जैसे मामले लोगों को हैरान कर रहे हैं। यह अपराध केवल महिलाओं ही नहीं बल्कि पुरुषों के साथ भी देखने को मिल रहा है। मर्डर के इन मामलों ने लोगों को ऐसे झकझोर कर रख दिया है कि पार्टनर के साथ घूमने जाना भी खतरे से खाली नहीं लगता। ऐसे में अगर आप पहली बार अपने पार्टनर के साथ शहर से बाहर घूमने जा रही हैं, तो आपको जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि, ऐसा भी हुआ है कि एक-दूसरे को बेहतर जानने का दावा करने वाले कपल्स के बीच भी थोड़ी से कहासुनी में बात इतनी बढ़ जाती है कि सब कुछ खत्म हो जाता है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको यात्रा से जुड़ी खास जानकारी विस्तार से देंगे। लोकेशन के बारे में अपने दोस्त को बताएं- पहली बार अपने पार्टनर के साथ दिल्ली से बाहर घूमने का प्लान बना रही हैं, तो भले ही आपको अपने पार्टनर पर कितना भी भरोसा हो।

लेकिन किसी एक दोस्त को आप अपनी यात्रा के बारे में जरूर बताएं। अक्सर कपल्स अपने परिवार से छिपकर यात्रा का प्लान बनाते हैं, इसलिए उनके माता-पिता को कोई जानकारी नहीं होती। अगर आपके दोस्त को आपकी यात्रा के बारे में पता होगा, तो इसके बारे में पता लगाना आसान हो जाएगा।

### डेस्टिनेशन का चुनाव सोच-समझकर करें

पहली बार यात्रा पर जा रहे हैं, तो किसी सेफ लोकेशन पर घूमने जाएं। ऐसा शहर जहां, साधन मिलना आसान हो, जहां नेटवर्क अच्छे आते हों। अगर आप ज्यादा पहाड़ी वाली जगह जाते हैं, तो वहां साधन मिलना मुश्किल होता है और नेटवर्क में भी परेशानी रहती है।


### होटल की बुकिंग पहले ही कर लें

अगर आप होटल की बुकिंग पहले ही कर लेते हैं, तो आपको इसके बारे में पूरी जानकारी रहती है। आप अपने किसी दोस्त को होटल के बारे में जानकारी दे सकते हैं। इससे किसी तरह की घटना होने पर आपकी मदद करना आसान हो जाएगा।

### सुरक्षा का ख्याल रखें

सुरक्षा हमेशा सबसे पहले आती है। अगर ट्रेन या बस से यात्रा कर रहे हैं तो किमती सामान के साथ-साथ महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी जरूर रखें। फोन हमेशा चार्ज रखें और जरूरी मोबाइल नंबर को किसी पेपर पर लिख लें। मुसीबत में पड़ने या फोन खो जाने पर आप फोन करके मदद मांग पाएंगी।

# बोट राइड के लिए अब नैनीताल नहीं, दिल्ली के पुराना किला में ही पाएं झील जैसा सुकून



**भागदौड़** भरी जिंदगी में सुकून को तलाशना बहुत ही मुश्किल है। अक्सर लोग सुकून की तलाश में पहाड़ों पर जाते हैं, बोटिंग करते हैं और खुद को खुश रखने की कोशिश करते हैं। ट्रिप प्लान करने के लिए लोग नैनीताल, भीमताल या मसूरी जैसे डेस्टिनेशन को एक्सप्लोर करने के बारे में सोचते हैं। हालांकि, इन जगहों को एक्सप्लोर करने के लिए ना सिर्फ लंबी छुट्टियां चाहिए होती हैं, बल्किहोटल और खर्चे का भी झंझट होता है।

### पुराना किला की बोटिंग

पुराना किला में बोटिंग पहले ही बंद कर दी थी, लेकिन अब फिर से शुरू कर दी गई है। साफ पानी में हरियाली से घिरा हुआ झील और चलती हुई नाव...यकीनन नैनीताल की फीलिंग देता है। यहां कपल्स से लेकर फैमिली और बच्चों तक हर कोई बोटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। झील के किनारे बैठकर हवाओं का आनंद लेना, इतिहास से घिरी झील को निहारना और धीमे-धीमे बहती नावों की आवाज सुनना... यह सब मिलकर एक बेहद सुकून भरा बन जाता है।

### बोटिंग टाइम और टिकट जानकारी

बोटिंग करने के लिए आप सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक जा सकते हैं। इसके लिए आपको टिकट खरीदना होगा, अगर आप दो सीट वाली बोटिंग कर रही हैं तो 50 रुपये से 100 रुपये का टिकट खरीदना होगा। रो बोटिंग के लिए आपको 100 रुपये से 200 रुपये देने होंगे। आपको टिकट पुराने किले के मुख्य द्वार पर खरीदने होंगे।

# हवा महल सुबह जाएं या शाम ?

## जानें घूमने का बेस्ट टाइम और प्लान



**राजस्थान** की राजधानी जयपुर का दिल कहे जाने वाला हवा महल एक ऐसा ऐतिहासिक स्मारक कही जाती है, जो अपनी अनोखी सुंदरता के कारण हर साल लाखों सैलानियों को आकर्षित करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हवा महल घूमने का सबसे अच्छा समय कब है सुबह या शाम? आइए जानते इस खूबसूरत जगह को एक्सप्लोर करने का बेस्ट टाइम और ट्रैवल प्लान क्या है, ताकि आप भी अच्छे से इस स्मारक को एक्सपलोर कर सके।

### हवा महल सुबह कैसा दिखाई देता है

अगर आप भीड़ से बचकर शांति से इस स्मारक को देखना चाहते हैं, तो इसके लिए सुबह का समय सही है। इस वक्त धूप की रोशनी सीधे महल की झरोखों से होकर आती है, जिससे इसकी आर्किटेक्चर और नक्काशी और भी शानदार दिखती है। साथ ही, हर मौसम में यह समय अच्छा होता है। धीमी-धीमी धूप से हवा महल की परछाई दिखाईदेती है। सुबह आप हवा महल 9 से 11 बजे के बीच जाएं। तभी आप इसका आनंद ले सकते हैं।

### शाम के समय हवा महल कैसे घुमे?

अगर आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं तो शाम का समय भी बेहतरीन है। सूरज की हल्की रोशनी में महल सुनहरा दिखता है और आसमान के रंगों के साथ खूबसूरत नजारा बनता है। इसके अलावा आप शाम को इसके आसपास की लोकर मार्केट को भी घुम सकते हैं। साथ ही, यहां की हर डिटेलिंग की तस्वीरें भी ले सकते हैं। इस नजारे का मजा लेने के लिए आप शाम 4ः30 से 6 बजे पहुंचे।

### टिकट और समय की जानकारी



हवा महल खुलने का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक है। टिकट भारतीय पर्यटकों के लिए 50 रुपये प्रति व्यक्ति रखी गई है। वहीं विदेशी पर्यटकों के लिए 200 रुपये है। कैमरा का किराया आपको अलग से देना होता है।

### कैसे पहुंचे

यहां पर पहुंचने के लिए आपको ट्रेन से जयपुर जंक्शन उतरना होगा, जो लगभग 5-6 किमी दूरी पर है। लोकल ट्रांसपोर्ट ऑटो, टैक्सी और ई-रिक्शा से भी आप हवा महल पहुंच सकते हैं।

### ट्रैवल टिप्स जानें

अगर आप बारिश के मौसम में घुमने जा रहे हैं, तो अपने साथ छाता या रेनकोट जरूर लेकर जाएं। पानी की बोतल साथ रखें। कैमरा और मोबाइल को पूरी तरह चार्ज रखें। आसपास के अन्य दर्शनीय स्थल जैसे सिटी पैलेस और जंतर मंतर भी पास में हैं, उन्हें भी प्लान में शामिल करें।

*वेब सीरीज तो बहुत देख ली ...*

# अब मिर्जापुर के आसपास स्थित इन जगहों को बनाएं डेस्टिनेशन पॉइंट



**मिर्जापुर** का नाम सुनते ही कई लोगों को सबसे पहले मिर्जापुर वेब सीरीज का ही ध्यान आता है। वेब सीरीज से अलग हटकर मिर्जापुर के बारे में जिक्र किया जाए तो अपने हाथों द्वारा निर्मित कालीन एवं दरियों का सबसे बड़ा उत्पादक भी माना जाता है। उत्तर प्रदेश में स्थित मिर्जापुर एक ऐसा शहर है, जो पहाड़ियों से घिरा तो हुआ है, लेकिन इस शहर में ऐसी बहुत कम ही जगहें मौजूद हैं, जहां पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसलिए कई लोग मिर्जापुर के आसपास में घूमने के लिए निकल जाते हैं।

### वाराणसी

एक दिन की ट्रिप में मिर्जापुर के आसपास में किसी शानदार और चर्चित जगह घूमने की बात होती है, तो कई लोग सबसे पहले वाराणसी का ही नाम लेते हैं। वाराणसी, उत्तर प्रदेश का एक खूबसूरत और चर्चित धार्मिक तीर्थ स्थल है। गंगा नदी के तट पर स्थित वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर दशाश्वमेध घाट, अस्सी घाट, मणिकर्णिका घाट और भारत माता मंदिर जैसी कई विश्व प्रसिद्ध धार्मिक जगहों के लिए जाना जाता है। इसलिए वाराणसी में दुनिया भर से पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### सारनाथ

वाराणसी शहर से करीब 10 किमी की दूरी पर स्थित सारनाथ, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे भारत का एक प्रसिद्ध और प्राचीन बौद्ध स्थल के लिए जाना जाता है। सारनाथ को आध्यात्मिक स्थानों में से एक माना जाता है। सारनाथ में आप धमेख स्तूप (बुद्ध के प्रथम उपदेश का स्थल) से लेकर अशोक स्तंभ, चौखंडी स्तूप, थाई मंदिर जैसे बौद्ध स्थलों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा, सारनाथ में स्थित हिरण उद्यान और मूलगंध कुटी विहार को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### प्रयागराज

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश का एक खूबसूरत और प्रमुख शहर है, जिसे कई लोग इलाहाबाद के नाम से भी जानते हैं। प्रयागराज, हिंदुओं के लिए एक प्रमुख तीर्थ स्थल माना जाता है, क्योंकि यह एक ऐसा शहर है, जो गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित है। यह महाकुंभ मेला के लिए भी जाना जाता है। प्रयागराज की धरती पर ऐसी कई खूबसूरत और ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं, जिन्हें आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे-त्रिवेणी संगम, खुसरो बाग, प्रयागराज फोर्ट और चन्द्रशेखर आजाद पार्क को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा, त्रिवेणी संगम में डुबकी भी लगा सकते हैं।

### नौगढ़ डैम

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में स्थित नौगढ़ डैम राज्य का एक प्रमुख और खूबसूरत डैम है। यह डैम चंद्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य में स्थित है, जिसका निर्माण 1956 में किया गया था। नौगढ़ डैम का पानी सिंचाई के रूप में इस्तेमाल तो होता ही है, साथ में यह एक पर्यटन स्थल के रूप में भी जाना जाता है।

# गुजरात के सबसे फेमस समुद्र तट



**बारिश** के मौसम में गुजरात के कुछ खूबसूरत समुद्र तट इतने ज्यादा आकर्षित लगते हैं कि यहां आपको हर दिन भीड़ देखने को मिलेगी। वीकेंड ही नहीं, पूरे हफ्ते यहां पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहता है। आपके मन में भी सवाल आ रहा होगा की गुजरात के फेमस बीचेज का बारिश के मौसम से क्या कनेक्शन, तो बता दें कि इस समय समुद्र की लहरें और ज्यादा तेज और खूबसूरत दिखती है। आपको दूर से ऊंची-ऊंची लहरें देखने का मौका मिलेगा। इस तरह की लहरें आम तौर पर अन्य मौसम में देखने को नहीं मिलती।



### द्वारका बीच

गुजरात का यह बीच बारिश के मौसम में खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है। लेकिन यहां ज्यादातर लोग शाम के समय जाना पसंद करते हैं। क्योंकि यहां बैठने की अच्छी सुविधाएं हैं।

**लोकेशन**- यह गुजरात में द्वारका शहर से लगभग 1 किमी की दूरी पर स्थित है।

**कैसे पहुंचे**- नजदीकी बस स्टॉप लगभग 20 मिनट की दूरी पर है। आप यहां से ऑटो या टैक्सी लेकर आ सकती हैं।

### घोघला बीच, दीव

गुजरात के इस बीच का नजारा देखने आस-पास के शहरों से भी लोग आते हैं। शांत और रिलैक्सिंग बीच की तलाश कर रहे लोग यहां जा सकते हैं। यह बीच अपनी साफ-सफाई के लिए भी जाना जाता है।

**लोकेशन**- यह दीव के मेन शहर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

**कैसे पहुंचे**- इसके लिए आपको सबसे पह घोघला गांव आना होगा। आप कैब या ऑटो बुक करके यहां आ सकती हैं।

### मांडवी बीच, भुज

गुजरात घूमने आ रहे लोगों को मांडवी बीच का नजारा भी पसंद आएगा। इस जगह की खासियत यह है कि यह विजय विलास महल के पास स्थित है। आपको महल से बीच का नजारा भी दिखेगा। इसकी दूरी लगभग आधे घंटे की है। यह गुजरात में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह में से एक है।

**लोकेशन**- यह बीच कच्छ के पास स्थित है। सुनहरा रेतीला समुद्र तट है, जो इसे सबसे अलग और खास बनाता है।

कैसे पहुंचे- भुज से मांडवी बीच की दूरी लगभग 58 किमी है। आप यहां से कैब या ऑटो बुक करके आ सकती हैं। इन गुजरात के इन खूबसूरत समुद्र तटों के अलावा आप पोरबंदर बीच, सोमनाथ बीच, गोमती माता बीच और देवका बीच भी जा सकती हैं।

## पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर छोड़ रहा है अपनी अमिट छापः सुमेधानंद सरस्वती

**पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने तिरंगा यात्रा में लिया हिस्सा, सामोद में हुआ तिरंगा रैली का आयोजन, तिरंगा यात्रा का ग्रामवासियों ने जगह जगह किया स्वागत, भारत माता के जयघोष से गूंजा पूरा शहर**

सांध्य ज्योति न्यूज

**चौमूं।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज भाजपा देहात मंडल बांसा अध्यक्ष शंकर लाल गगोरिया के नेतृत्व में गणेश मंदिर सामोद से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में सीकर से पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा सहित सेकड़ों की संख्या में लोगो ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारो से आसमान गूंज उठा और तिरंगा यात्रा का जगह जगह व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जयपुर जिला देहात उत्तर प्रभारी एवं पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज विश्व में अपना लोहा मनवा रहा है और हमारी सेना दुश्मन देशों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम कर रही है, सेना के सम्मान में भाजपा पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाल रही हैं। तिरंगा यात्रा प्रदेश सह संयोजक एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि देशभक्ति के जोश और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने एकजुट होकर तिरंगा लहराया



और देश भक्ति के नारो के साथ देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस दौरान तिरंगा यात्रा को लेकर लोगों में भरपूर उत्साह और जोश दिखाई दिया।

इस अवसर पर तिरंगा यात्रा जिला संयोजक संजय माचेडी, जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, जिला प्रवक्ता अरविन्द यादव, जिला कार्यालय प्रभारी प्रकाश हाटवाल, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गौरा, पूर्व सरपंच दिनेश चतुर्वेदी, सरपंच बाबूलाल गुर्जर, मांगीलाल शर्मा सुरेश गुलिया, कार्यक्रम संयोजक श्रीराम शर्मा सह संयोजक विमल शर्मा, रामकिशोर मीणा, महेश योगी, मुकेश बलेसरा, श्रवण शर्मा, सरदार जाट, नानूराम पिपलोदा, नानूराम पिपलोदा, सुरेश जांगिड, रामकरण कुमावत, चन्द्रवीर टांक, हिम्मत सिंह, महामंत्री अग्रेज़ यादव, जमनलाल सैनी, नानूराम पिपलोदा, नरोत्तम शर्मा, कालूराम सेठी, सहित मंडल पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चेक अनादरण के आरोपी को 1 साल का कारावास

सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** स्थानीय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट म संख्या - 2 रेशमा जानवानी ने सुनाए गए अपने एक निर्णय में चेक अनादरण के एक आरोपी को 1 साल के कारावास से दंडित किया है तथा चेक राशि 2 लाख रुपए के लिए 2 लाख 93 हजार रुपए भुगतान करने के आदेश दिए हैं। प्रकरण के परिवादी के वकील सुरेश चौधरी के अनुसार परिवादी रोहिताश सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी कंचनपुर से आरोपी गौरीशंकर वर्मा पुत्र मूलाराम निवासी कंचनपुर ने घरेलू आवश्यकता के लिए 2 लाख रुपए उधार लिए थे जिसके लिए ली गई रकम के भुगतान की एवज में आरोपी ने परिवादी को एक चेक अपने बैंक बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा कंचनपुर 14 जुलाई 2020 को देय का दिया था। परिवादी ने इस चेक को अपने बैंक खाते में लगाया जो 15 जुलाई 2020 को बाउंस हो गया। इस पर आरोपी गौरी शंकर के खिलाफ परिवादी रोहिताश सिंह ने न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने यह सजा सुनाई। परिवादी की ओर से एडवोकेट सुरेश चौधरी ने पैरवी की।

**सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय**

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने, नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

**सूचना**

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।
**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।
**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम, संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेल:** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742, 7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611

### तिरंगा यात्रा व विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियां तेज



सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बाय में भाजपा मण्डल की बैठक आयोजित कर भाजपा द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा, हर घर तिरंगा अभियान तथा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्य अतिथि भाजपा पंचायत समिति दांता रामगढ़ प्रधान प्रतिनिधि प्रभु सिंह गोगावास ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ताराचंद वर्मा, महिपाल सिंह, भगवान सिंह गुर्जर, अटल शर्मा, नारायण लाल शर्मा, सुभाष भारतीय, भागीरथ मल शर्मा, चौथ मल कुमावत, भागीरथ मल जाखड़, अनिल वेद, गजानंद रनवा, विनोद भारती, सरपंच राहुल कुमावत, प्रभु दयाल कुमावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बूथ और मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकालने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित भाजपा मंडल बाय अध्यक्ष सांवर मल फल्डोलिया का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रह्लाद सहाय वर्मा, पूर्व जिला मंत्री भाजपा नेत्री सुमन वर्मा तथा पूर्व मंडल महामंत्री विनोद भारती ने उद्बोधन देते हुए कार्यक्रमों की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का संदेश दिया।

### सभापति ने तिरंगा यात्रा को लेकर स्कूल शिक्षा परिवार के साथ ली बैठक



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** हर घर तिरंगा अभियान एवं विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को लेकर सोमवार को स्कूल शिक्षा परिवार के साथ सभापति शिवरतन अग्रवाल ने तिरंगा यात्रा कार्यक्रम की तैयारी बैठक आयोजित की तथा स्कूल शिक्षा परिवार को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम को सभापति ने संबोधित कर स्कूल शिक्षा परिवार में इस राष्ट्रीय अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान जागृत करने के लिए उत्साह और जोश भरा एवं बताया कि प्रत्येक स्कूल से छात्र एवं स्टाफ अधिक से अधिक पहुंचकर तिरंगा रैली को बनाए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर अनुज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नीतू सिंह धावाई, जिला प्रवक्ता गोविंद पाराशर, सुरेंद्र सिंह राजपूत महेंद्र नापित घनश्याम गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता यूनुस खान शिवकुमार शर्मा सारांश जैन ओमप्रकाश महावर विजेंद्र धाकड़ राजेश कुमार सैनी ज्ञानेंद्र जैन दिनेश सैनी उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक व विद्यार्थियों को किया जागरूक



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** नगर पालिका के तत्वावधान में कस्बे की पीएम श्री सेठ सूरजमल सतभाई राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान एवं हर घर स्वच्छता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने देशभक्ति और स्वच्छता विषय पर सुंदर रंगोलियां बनाई और समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अध्यापकों ने बच्चों को हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान की महत्ता समझाई तथा उन्हें सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। अधिशासी अधिकारी सरिता चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की कला को निखारते हैं, बल्कि उनमें देशप्रेम और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ाते हैं। इस दौरान नगर पालिका से जयप्रकाश मीणा, पंकज शर्मा, चंदूलाल मीणा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। वहीं भाजपा मंडल की खेमका धर्मशाला में मंडल अध्यक्ष विशाखा कुमावत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अभियान के संयोजक विष्णु गंगावत ने बताया कि 13 अगस्त को सुबह 8 बजे मठ मंदिर प्रांगण से विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण के बाद नगर पालिका परिसर पहुंचेगी। रैली में खंडेला विधायक सुभाष मील भाग लेंगे। बैठक में अभियान के सफल संचालन के लिए मंडल स्तर पर समिति का गठन किया गया। इस दौरान संयोजक विष्णु गंगावत, एड दीपक बाजिया, मक्खन लाल नायक, घनश्याम सरोज, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, सहकारी समिति उपाध्यक्ष सतीश खेमका, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, विष्णु चूलेट, वरिष्ठ कार्यकर्ता मूलचंद जांगिड़, मोहनलाल जांगिड़, पार्षद संजय डाकवाला,प्रभु दयाल वर्मा, कुशाल सिंह चौहान, पुनित शर्मा, युवराज सिंह चौहान, बबलू बावड़ीका समेत कई कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

### बच्चों ने प्रिंसीपल को दी भावुक विदाई



सांध्य ज्योति न्यूज

**चाकसू।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करेड़ा खुर्द चाकसू द्वारा आप सब ने जो मान सम्मान और प्यार दिया उसके लिए में आप सभी का तह दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ आज लग नहीं रहा था की करेडा खुर्द से प्रिंसिपल के पद से विदाई समारोह हो रहा आप सभी के बीच 11 साल रहने के बाद भी आप सभी गाँव वालो ने जो प्यार सम्मान दिया में उसका तह दिल से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, यह कहते कहते जहां प्रिंसिपल महेश शर्मा भावुक हो गए वही उपस्थिति छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जन भी अपनी भावनाओं को काबू में नहीं रख पाए।गौरतलब है कि महेश शर्मा के प्रमोशन के बाद विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने प्रिंसिपल महेश शर्मा को विदाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर स्थानीय ग्रामवासी सूरज तिरवाल,गंगाराम , रामरख चौधरी, अवधबिहारी ,हनुमान ,सीताराम सहित समस्त स्टाफ व विधालय परिवार ने महेश शर्मा के 11वर्षीय कार्यों के लिए विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने आभार जताया।

### स्काउट गाइड संघ रींगस का 34वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ का 34वां वार्षिक अधिवेशन व अभिनवन शिविर रविवार को संघ के प्रधान कालिदास स्वामी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। संघ के सचिव विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि रींगस परिक्षेत्र की विभिन्न सरकारी व निजी संस्थाओं के 45 स्काउट-गाइड प्रभारियों को नवाचार प्रशिक्षण दिया गया। अधिवेशन में सचिव ने सत्र 2024-25 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जबकि कोषाध्यक्ष घासीराम सैनी ने बजट पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। आगामी प्रशिक्षण शिविरों के लिए राज्य पुरस्कार शिविर अगस्त के अंतिम सप्ताह में और द्वितीय-तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण सितंबर के अंतिम या अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। कार्यक्रम में सेवा-निवृत्त एडीसी गोपाल सिंह धायल और स्काउटर शंकरलाल शर्मा को संघ का आजीवन सदस्य बनाकर सम्मानित किया गया। गोपाल सिंह धायल ने संघ की अधूरी चारदीवारी पूर्ण करवाने की घोषणा की वहीं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड निर्मल मान ने 11 हजार रुपए की सामग्री सहयोग देने की घोषणा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रुप को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी,भारत ढींगरा, राजेंद्र मौर्य सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन झाबर निठारवाल ने किया।

### पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में की कार्रवाई



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** क़स्बे में स्थानीय पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कस्बे के सबसे व्यस्तम रहने वाले सिटी बस स्टैंड पर पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान काले शीशे लगी ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया तो उसमें सवार युवक उतर कर भागने लगे जिस पर पुलिस द्वारा युवकों को पकड़ कर पूछताछ की गई तो उनके कब्जे से मादक पदार्थ मिले। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मामले में तीन युवक रींगस निवासी मंजीत सिंह जाट व विकास यादव सहित जलालपुर निवासी सुनील गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से मादक पदार्थ मिले हैं युवकों से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में कड़ी पूछताछ की जाएगी। मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर ब्रेजा कार को भी जब्त किया है।

### आक्रोशः स्मार्ट मीटर के विरोध में जनसभाएं, धरना प्रदर्शन कल

सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** बिजली उपभोक्ता संघर्ष समिति रींगस की ओर से स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में जनसभाओं का दौर जारी है। समिति द्वारा 13 अगस्त को सहायक अभियंता कार्यालय रींगस पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारियों के तहत सोमवार को विजयपुरा, रानीपुरा, कासरड़ा, मलिकपुर, लाडपुर, सामोताकाबास, शाहपुरा, ठीकरिया सहित कई गांवों में दौरा कर आम सभाएं की गई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को पावंडा की ढाणी, सौथलिया, पटवारीकाबास, मालाकाली, जैतूसर, गुढा, महरोली, अरनिया, सिमारला, सरगोठ, गढ़ी, परसरामपुरा समेत कई गांवों में जनसंपर्क व आम सभाएं आयोजित की जाएंगी। गांवों में आयोजित बैठकों के दौरान स्मार्ट मीटर योजना को लेकर उपभोक्ताओं में भारी विरोध देखने को मिला।

### अवैध गांजे के मामले में 2 आरोपियों को 9-9 साल की सजा, एक बरी

सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमाधोपुर श्रीमती गीता पाठक ने सोमवार को 12 साल पुराने अवैध गांजा मामले में फैसला सुनाया। अदालत ने दो आरोपियों अशोक कुमार और अनोपसिंह को दोषी करार दिया। दोनों को 9-9 साल की सजा और 1.20-1.20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा होगी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के वकील किशोर कुमार सैनी ने बताया कि मामला 6 सितंबर 2013 का है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सूचना मिली थी कि श्रीमाधोपुर निवासी संजय रींगस में अशोक कुमार और अनोपसिंहको गांजे की डिलीवरी करेंगे। एनसीबी की टीम ने रींगस के एक निजी अस्पताल के पास से तीन आरोपियों को पकड़ा। चौथे आरोपी अनिल कुमार को नीमकाथाना से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 18 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। अदालत ने आरोपी अनिल कुमार को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। एक आरोपी संजय राजोरिया फरार है, जिसके खिलाफ फैसला सुरक्षित रखा गया है। अभियोजन पक्ष ने 8 गवाहों की गवाही और 75 दस्तावेज पेश किए। दोनों दोषी आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 8/20, 8/25 के तहत यह सजा सुनाई गई है।

### एग्रीकल्चर व्याख्याता से मारपीट मामले में जांच करने पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यार्थियों सहित शिक्षकों के लिए बयान



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** कस्बे की पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एग्रीकल्चर व्याख्याता से मारपीट के मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी जांच करने विद्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने प्रधानाचार्य विजय गुप्ता सहित स्टाफ और विद्यार्थियों के बयान लिये और एसडीएमसी सदस्यों से भी विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि व्याख्याता से मारपीट के मामले में विद्यार्थियों और स्टाफ के बयान लिये गये है। जांच पूरी होने के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जांच टीम ने डीईओ सैकंडरी, सीबीईओ, एसीबीईओ प्रथम सहित अनेक अधिकारी शामिल थे।

### श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में बृज चौरासी कोस की यात्रा जयकारों के साथ रवाना



सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** श्री गोवर्धन सेवा समिति के यात्रा संयोजक विजय गोयल ने बताया की श्री गोवर्धन सेवा समिति के तत्वावधान में पुरानी अनाज मंडी के सीताराम जी के मंदिर से पूजा अर्चना करके जयकारों के साथ बृज चौरासी कोस की यात्रा रवाना की गई। नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने बृज चौरासी कोस के यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की बृज की यात्रा का बड़ा ही धार्मिक महत्व है। यात्रा से आपसी मेलजोल बढ़ता है। बृज चौरासी कोस की यात्रा करना बड़े ही सौभाग्य से मिलता है।

श्री गोवर्धन सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश गोयल खिदरपुर वालों ने बताया कि बृज चौरासी कोस की एकादश यात्रा वाहनों से करवायी जा रही है।

यात्रा में 115 यात्री जिसमें महिला पुरुष यात्री शामिल हैं । यात्रा श्री गोवर्धन धर्मशाला पहुंचने के तत्पश्चात अगले दिन 12 अगस्त को प्रात: विधिवत पूजन के साथ बृज चौरासी की यात्रा प्रारंभ की जाएगी। जिसका समापन भंडारे के साथ 21 अगस्त को किया जावेगा।

### रोहलानिया अध्यक्ष, सैनी मंत्री व शर्मा कोषाध्यक्ष बने



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा श्रीमाधोपुर के वार्षिक चुनाव महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीमाधोपुर में हुए। निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सैनी और जिला पर्यवेक्षक भगवान सहाय गुर्जर की देखरेख में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। सभाध्यक्ष संतोष अग्रवाल बने। उप सभाध्यक्ष रतन लाल सैनी और सागर मल जाखड़ चुने गए। अध्यक्ष पद पर देशराज रोहलानियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा राम कुमावत बने। पुरुष उपाध्यक्ष श्याम लाल सैन और महिलाउपाध्यक्ष संतोष जाखड़ बनीं। मंत्री शिंभु दयाल सैनी और महिला मंत्रीबबिता शर्मा बनीं। कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा बने। प्रदेश महासमिति सदस्य के रूप में गोकुल कुमार जांगिड़, प्रभु दयाल खर्रा, महेंद्र कुमार मंगावा, बंशीधर यादव, मनीष कुमार शर्मा, संदीप कुमार शर्मा, देशराज,शिंभु दयाल सैनी और श्याम लाल सैन निर्वाचित हुए। जिला महासमिति के कुल 37 सदस्य चुने गए।

### तिरंगा यात्रा में गूंजे भारत माता के जयकारे

सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वंतत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में आमजन की भागीदारी के लिए जिला मुख्यालय पर मंगलवार को सुबह 9 बजे तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपूतली से प्रारम्भ होकर शहर में अग्रसेन तिराहा से होते हुए ज्योतिबा फुले मुख्य चौराहा तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में पुलिस, युवा वॉलंटियर्स, हॉबी ग्रुप्स एवं जन साधारण कि सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिभागी अपने साथ तिरंगा भी लेकर साथ चले। आयोजन में पुलिस और उच्च शिक्षा विभाग सहित नगर परिषद भी सहयोगी के रूप में शामिल हुए। जिला कलक्टर ने बताया कि तिरंगा बाइक यात्रा का मुख्य उद्देश्य आमजन में तिरंगे के प्रति सम्मान और देश भक्ति की भावना को जागृत करना था।

### शिविर के पोस्टर का विमोचन मानव सेवार्थ रक्तदान का आह्वान



सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** रोडवेज बस स्टैंड पर रविवार को महिला एवं बाल विकास समिति सीकर की ओर से कार्यक्रम आओ रक्त दान करें, जीवन बचाएं आयोजित किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी प्रवीण वर्मा ने बताया कि इसमें समिति की ओर से 20 अगस्त को लगने वाले पहले रक्त दान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। ये शिविरपटवारी धर्मशाला में लगेगा। इसमेंसंतोकबा दुर्लभ जी मेमोरियलअस्पताल की टीम रक्त संग्रहणकरेगी। उपस्थित लोगों ने रक्तदानका संकल्प लिया। इस मौके पर सुमित कुमार खुराना, एडवोकेटमनीष भारद्वाज, हिमांशु कसेरा,दीपक योगी, रोहिताश मीणा,गुलशन चौहान, वरुण देव कुमावत व प्रतीक वर्मा आदि मौजूद थे।

# राजस्थान में 14 अगस्त से फिर सक्रिय होगा मानसून

## उदयपुर, कोटा संभाग में भारी बारिश की संभावना

**जयपुर, 12 अगस्त।** राजस्थान में मानसून के फिर से एक्टिव होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 14-15 अगस्त से नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इसके प्रभाव से कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं भारी बारिश हो सकती है। सोमवार को अलवर, बांसवाड़ा, झालावाड़ में हल्की बरसात हुई। वहीं, 12 और 13 अगस्त को प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम साफ रहेगा। मानसून ब्रेक के कारण तापमान बढ़ने से गर्मी महसूस होने लगी है।



### राजस्थान में पारा 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज

बारिश का दौर थमने से तापमान में लगातार बढ़ रहा है। सोमवार (11 अगस्त) को गंगानगर में सबसे ज्यादा तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में 38.2 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 38.4, जैसलमेर में 37.8, बाड़मेर में 37, हनुमानगढ़ में 36.6, फलौदी में 36.4, जोधपुर में 35.1, पिलानी में 35.9, जयपुर में 35.2, अजमेर में 32.6, भीलवाड़ा में 33.4, सीकर में 35.2 और कोटा में 33.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं, मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- वर्तमान में मानसून ट्रफ अमृतसर, चंडीगढ़ (सामान्य से उत्तर की ओर) से होकर गुजर रही है। राज्य के अधिकांश भागों में पश्चिमी हवा प्रभावी है। इस कारण आगामी 3-4 दिन राज्य के अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियां कमजोर रहने की संभावना है।

### अलवर, जयपुर में हल्की बारिश

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो प्रदेश के कई शहरों में कल दोपहर तक मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ और कई जगह बादल छाने के साथ हल्की बारिश हुई। अलवर, जयपुर, झालावाड़, बांसवाड़ा के एरिया में हल्की बारिश हुई। सबसे ज्यादा बरसात 10एमएम अलवर के कठूमर इलाके में दर्ज हुई।

बांसवाड़ा के दानपुर में 1, झालावाड़ के बकानी में 7, जयपुर के कोटपू ?तली में 3 और विराटनगर में 5स्रू बरसात दर्ज हुई। इसके अलावा गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, जयपुर, सीकर समेत कई जिलों में देर शाम आसमान में हल्के बादल छाए। इन जिलों में कुछ जगहों पर देर रात हल्की बारिश हुई।

### 14 को इन जिलों में अलर्ट

मौसम केंद्र जयपुर ने 12 और 13 अगस्त को राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। जबकि 14 अगस्त को अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। 15 अगस्त को अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, बूंदी, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

# बिड़ला ऑडिटोरियम में भागवत कथा कल से

## गायत्री देवी साबू की स्मृति में आयोजन

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 12 अगस्त।** शहर के प्रतिष्ठित बिड़ला ऑडिटोरियम में 13 अगस्त से एक विशेष धार्मिक आयोजन की शुरुआत होने जा रही है। श्रीमती गायत्री देवी साबू की 25वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके परिजनों द्वारा भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 13 अगस्त से प्रारंभ होकर 19 अगस्त तक चलेगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। आयोजन की शुरुआत 13 अगस्त को दोपहर 1 बजे एक विशाल कलश यात्रा के साथ होगी। यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए बिड़ला ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर शामिल होंगी। यह यात्रा पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल का सृजन करेगी।



### पुंडरीक गोस्वामीजी श्रीमुख से करेंगे वाचन

**भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज अपने श्रीमुख से करेंगे। पुंडरीक गोस्वामीजी अपनी मधुर वाणी और सरल व्याख्या के लिए जाने जाते हैं, जो श्रोताओं को भगवान कृष्ण की लीलाओं और भागवत पुराण के गूढ़ रहस्यों को समझने में मदद करती है। कथा का उद्देश्य श्रोताओं को जीवन में धर्म, भक्ति और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराना है। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन श्रीमती गायत्री देवी साबू को सच्ची श्रद्धांजलि है, जो अपने जीवनकाल में धर्म और समाजसेवा के प्रति समर्पित थीं। उनकी स्मृति में आयोजित यह कथा उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। कथा का समय 13 अगस्त से 18 अगस्त तक दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगा। वहीं 19 अगस्त को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा।**

### आसपास के क्षेत्रों से भी आएंगे श्रद्धालु

**इस धार्मिक आयोजन में जयपुर के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। ऑडिटोरियम में भक्तों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, जिसमें बैठने की व्यवस्था, जलपान और सुरक्षा के इंतजाम शामिल हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने का अनुरोध किया है। कथा का समापन एक भंडारे के साथ होगा, जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।**

# फसल बीमा योजना के तहत 7 करोड़ से अधिक पॉलिसी जारी

**जयपुर, 12 अगस्त।** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 7 करोड़ 4 लाख फसल बीमा पॉलिसी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि यह गत सरकार के शुरुआती 2 वर्षों से लगभग 4 गुना अधिक हैं। साथ ही, 1 करोड़ 48 लाख किसानों को फसल बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कृषक कल्याण की दिशा में सरकार ने अनेक निर्णय किए हैं। केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ ही एमएसपी में निरंतर वृद्धि की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 3 हजार की राशि की वृद्धि कर इसे 9 हजार कर दिया है।

## पति ही निकाला पत्नी का हत्यारा

**जयपुर, 12 अगस्त।** अजमेर के किशनगढ़ में भाजपा नेता ने ही पत्नी की गला काटकर हत्या की थी। आरोपी ने हत्या की प्लानिंग 5 से 6 दिन पहले ही कर ली थी। उसने लूट और मारपीट की कहानी बनाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की थी, लेकिन पकड़ा गया। इसमें सबसे बड़ी वजह थी कि लूटपाट की घटना के बाद भी उसे कोई चोट नहीं लगी। पुलिस ने पूछताछ की तो बताया- पत्नी से संबंध अच्छे थे। वहीं, बदमाश लूटने आए थे तो मंगलसूत्र क्यों छोड़ गए। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी रोहित सैनी के साथ रवि मेघवाल को गिरफ्तार किया है, जबकि 1 नाबालिग को डिटेन किया है। एसपी वंदिता राणा ने बताया- किशनगढ़ के उदयपुर कलां के रहने वाले रोहित सैनी (35) का किसी महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस कारण उसकी पत्नी संजू सैनी (32) से अनबन रहती थी। संजू को रास्ते से हटाने के लिए रोहित ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्लान बनाया। रोहित पत्नी के साथ रक्षाबंधन पर ससुराल रलावता गांव गया था। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों ससुराल से लौट रहे थे। किशनगढ़ के हाथी खान से सिलोरा की ओर जाने वाली रोड पर रोहित के साथी रवि और एक नाबालिग पहले से ही मौजूद थे। जैसे ही रोहित तय की हुई जगह पर पहुंचा, रवि और नाबालिग के साथ मिलकर उसने संजू की हत्या कर दी।

# अलवर में पुलिस वैन पलटी, 7 पुलिसकर्मियों समेत 14 घायल

## टक्कर मारने के बाद ओवर स्पीड कार में लगी आग

**जयपुर, 12 अगस्त।** अलवर के निकट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक्सप्रेस वे पर पिनान के पास एक तेज रफ्तार गाड़ी ने पुलिस वैन के पीछे से टक्कर मारी। टक्कर मारने वाली गाड़ी में आग लग गई जिससे गाड़ी जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। हादसे 7 पुलिसकर्मी सहित 14 लोग घायल हो गए जिसमें 4 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिसकर्मी एक मुल्जिम को लेने के लिए डीग जिले से दौसा जा रहे थे। घायलों में 3 की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस की गाड़ी में 7 पुलिसकर्मी सवार थे जबकि दूसरी गाड़ी में चार बच्चे सहित 7 लोग थे।



### गाड़ी से कूदकर बचाई जान

गाड़ी में सवार लोगों ने किसी तरह से कूद कर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। एक्सप्रेस वे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पिकअप पर अन्य गाड़ियों की मदद से घायलों को तुरंत पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। साथ ही गाड़ी में लगी आग को बुझाने के प्रयास शुरू किए गए।

### एक कांस्टेबल की हालत गंभीर

एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस की गाड़ी में सवार सात लोगों में विकास कांस्टेबल की हालत गंभीर है। उसके सिर में चोट आई है। उसे इलाज के लिए जयपुर रैफर किया गया है। विकास के अलावा गाड़ी में रिंकू, शिव सिंह, सरदार सिंह, दुलीचंद, लोकेश, लक्ष्मण कांस्टेबल घायल है। सभी का अलवर के राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में इलाज जारी है। दूसरा गाड़ी में चार बच्चे, दो महिलाएं और ड्राइवर था। उनके भी गंभीर चोटे आई हैं। एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

# रैवासा धाम आएंगे आरएसएस प्रमुख, योगगुरु रामदेव और धीरेंद्र शास्त्री शामिल

## देशभर से संत-महंत और कथावाचकों का सीकर आना शुरू

**जयपुर, 12 अगस्त।** सीकर के श्री जानकीनाथ बड़ा मंदिर, रैवासा धाम में आज से श्री सियपिय मिलन समारोह शुरू हो रहा है। 12 से 18 अगस्त तक कथावाचक पं. इंद्रेश उपाध्याय पांडाल में कथा सुनाएंगे। वे धाम में पहुंच चुके हैं। इस आयोजन में योगगुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, श्रीगुरु शरणानंद जी महाराज, जगद्गुरु रामानंदाचार्य सहित कई संत-महंत समारोह में शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत भी समारोह में शामिल होंगे। वे स्वामी राघवाचार्य की तीन फीट ऊंची संगमरमर की प्रतिमा का अनावरण और नव-निर्मित गुरुकुल भवन का लोकार्पण करेंगे। भामाशाह सीताराम शर्मा की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे।

हर शाम 7 से 10 बजे तक होगी भजन संध्या


सस्वर पाठ, अखंड हरिनाम संकीर्तन, रासलीला और चित्र विचित्र जी की भजन संध्या हर शाम 7 से 10 बजे तक होगी। प्रतिदिन 5 हजार और समापन पर 20 हजार लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। केंद्रीय व राज्य मंत्रियों, मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के आने की संभावना हैं। इससे पहले राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने तैयारियों का जायजा लिया।

# दिसंबर में सभी 309 निकायों के एक साथ होंगे चुनावः खर्रा

**जयपुर, 12 अगस्त।** स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बयाना में कहा कि दिसंबर में एक साथ प्रदेश के सभी 309 निकायों के चुनाव कराए जाएंगे। बयाना नगर पालिका के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण समारोह में पहुंचे मंत्री ने मीडिया से यह बात कही। मंत्री और अतिथियों ने गणपति पूजा के साथ शिलापट्टिका का अनावरण किया। मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान बदली है। उन्होंने नागरिकों से विकसित राष्ट्र के सपने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## जयपुर, भीलवाड़ा व टोंक निकायों में उपचुनाव 3 सितंबर को

इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने भीलवाड़ा, जयपुर और टोंक में निकायों के उप चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें जयपुर नगर निगम हैरिटेज का वार्ड 63, भीलवाड़ा नगर पालिका गुलाबपुरा का वार्ड 28, टोंक नगर पालिका का वार्ड 31 और 34 शामिल है। आयोग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार 19 अगसत को लोकसूचना जारी होगी और नामांकन प्रोसेस शुरू हो जाएगा। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त रहेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 27 अगस्त होगी। मतदान 3 सितंबर को और मतगणना अगले दिन 4 सितंबर को होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस उप चुनाव मतदान में 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इन वार्ड क्षेत्रों में उप चुनाव की आचार संहिता लागू हो चुकी है जो कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक लागू रहेगी।




# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर मिली 8.50 करोड़ रुपए की ड्रग्स

## पाकिस्तानी तस्करों ने ड्रोन से भेजा पैकेट

**बीकानेर, 12 अगस्त।** पाकिस्तानी तस्करों की ओर से लगातार इंटरनेशनल बॉर्डर पर ड्रग्स भेजी जा रही है। सोमवार बीती रात को भी बीकानेर के खाजूवाला से सटे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 8.50 करोड़ की ड्रग्स भेजी गई है। ये ड्रग्स का पैकेट बंदरी पोस्ट के पास फेंका गया है। यहां से पाकिस्तान बॉर्डर महज 130 किलोमीटर की दूरी पर है। बताया जा रहा है कि दो साल पहले इसी पोस्ट पर 300 करोड़ की ड्रग पकड़ी गई थी। वहीं इसी पोस्ट पर 14 अगस्त को सीएम भजनलाल शर्मा भी पहुंचने वाले हैं। इधर, मंगलवार सुबह खाजूवाला पुलिस

### बीएसएफ को मिली थी सूचना

बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट महेश कुमार जाट ने बताया कि बीएसएफ इंटेलिजेंस को सूचना सिली थी कि भारतीय सीमा में पाकिस्तान की ओर से ड्रग की बड़ी खेप भेजी जा रही है। ऐसे में पूरे एरिया का सर्वे किया। इस सर्वे में बीएसएफ के 96वीं बटालियन और जी ब्रांच के अधिकारी शामिल थे। सर्च के दौरान बंदरी पोस्ट पर कीचड़ में पीले रंग का पैकेट मिला। इसे जब खोला गया तो इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली। इस पैकेट को 6 अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था।



### यहीं पकड़ी गई थी तीन सौ करोड़ की हेरोइन

इसी पोस्ट पर दो साल पहले तत्कालीन डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने तीन सौ करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद की थी, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी। बीएसएफ ने इसके बाद ही इस क्षेत्र में सख्ती बढ़ा दी थी। इधर, जिस पोस्ट पर ये हेरोइन बरामद हुई है, इसी के आगे आगे कोड़ेवाला पोस्ट पर 14 अगस्त को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आ रहे हैं। वे यहां बीएसएफ जवानों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा के कारण भी क्षेत्र में सर्च अभियान तेजी से चल रहा था।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक महेंद्र कुमार यादव, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 | आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com